संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -86 शुक्रवार, 26 जनवरी 2024,पृष्ठ - 8+4 मूल्य 3 रूपये

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाए...

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर घटती-घटना परिवार की ओर से समस्त देशवासियों, प्रदेशवासियों एवं जिलेवासियों समेत घटती-घटना के स्नेही पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचितंकों को अशेष बधाई एवं शुभकामनायें..

शुभकामनाओं सहित
संपादक

## सूचना

दैनिक घटती-घटना के सुधिपाठकों, विज्ञापनदाताओं,शुभचिंतको एवं सहयोगियों को सूचित किया जाता है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2024 को घटती-घटना कार्यालय में अवकाश रहेगा ।

अत: प्रकाशन का अगला अंक दिन-रविवार 28 जनवरी 2024 को प्रकाशित होगा।

व्यवस्थापक

# राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का राष्ट्र के नाम संदेश

- » राम मंदिर से लेकर कर्पूरी ठाकुर तक...
- » राष्ट्रपति मुर्मु बोलीं-अमृत काल के प्रारंभिक दौर से गुजर रहा भारत
- » राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विश्व को दिया शांति का मंत्र
- » महिला सशक्तिकरण का एक क्रांतिकारी माध्यम सिद्ध होगा नारी शक्ति वंदनः राष्ट्रपति मुर्मु



**नई दिल्ली,25 जनवरी 2024 (ए)।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 75 वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मैं आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। हमारे गणतंत्र का 75वां वर्ष, कई अर्थों में देश की यात्रा में एक ऐतिहासिक पड़ाव है।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अपने योगदान से सार्वजनिक जीवन को समृद्ध बनाने के लिए मैं कर्पूरी जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

### नारी शक्ति वंदन का अभिनंदन

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि जब संसद ने ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक पारित किया तो हमारा देश, स्त्री-पुरुष समानता के आदर्श की ओर आगे बढ़ा। मेरा मानना है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम,महिला सशक्तिकरण का एक क्रांतिकारी माध्यम सिद्ध होगा। इससे हमारे शासन की प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने में भी बहुत सहायता मिलेगी। जब सामूहिक महत्व के मुद्दों पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, तब हमारी प्रशासनिक प्राथमिकताओं का जनता की आवश्यकताओं के साथ बेहतर सामंजस्य बनेगा।

### राष्ट्रपति ने विश्व को दिया शांति का मंत्र

राष्ट्र के नाम संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि हाल के दौर में विश्व में अनेक स्थलों पर लड़ाइयां हो रही हैं और दुनिया के बहुत से हिस्से हिंसा से पीड़ित हैं। जब दो परस्पर विरोधी पक्षों में से प्रत्येक मानता है कि केवल उसी की बात सही है और दूसरे की बात गलत है तो ऐसी स्थिति में समाधान-परक तर्क के आधार पर ही आगे बढ़ना चाहिए। दुर्भाग्य से तर्क के स्थान पर आपसी भय और पूर्वाग्रहों ने भावावेश को बढ़ावा दिया है, जिसके कारण अनवरत हिंसा हो रही है।

उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर मानवीय त्रासदियों की अनेक दुखद घटनाएं हुई हैं और हम सब इस मानवीय पीड़ा से अत्यंत व्यथित हैं।

उन्होंने कहा कि वर्धमान महावीर और सम्राट अशोक से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तक, भारत ने सदैव एक उदाहरण प्रस्तुत किया है कि अहिंसा केवल एक आदर्श मात्र नहीं है जिसे हासिल करना कठिन हो, बल्कि यह एक स्पष्ट संभावना है। यही नहीं, अपितु अनेक लोगों के लिए यह एक जीवंत यथार्थ है। हम आशा करते हैं कि संघर्षों में उलझे क्षेत्रों में, उन संघर्षों को सुलझाने तथा शांति स्थापित करने के मार्ग खोज लिए जाएंगे।

## राष्ट्रपति की संबोधन की बड़ी बातें

- ➨हमारा देश स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ते हुए अमृत काल के प्रारंभिक दौर से गुजर रहा है। यह एक युगांतरकारी परिवर्तन का कालखंड है।
- ➨गणतंत्र दिवस हमारे आधारभूत मूल्यों और सिद्धांतों को स्मरण करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। जब हम उनमें से किसी एक बुनियादी सिद्धान्त पर चिंतन करते हैं तो स्वाभाविक रूप से अन्य सभी सिद्धांतों पर भी हमारा ध्यान जाता है।
- ➨हमारे गणतंत्र की मूल भावना से एकजुट होकर 140 करोड़ से अधिक भारतवासी एक कुटुंब के रूप में रहते हैं। दुनिया के सबसे बड़े इस कुटुंब के लिए,सह-अस्तित्व की भावना, भूगोल द्वारा थोपा गया बोझ नहीं है,बल्कि सामूहिक उल्लास का सहज स्रोत है,जो हमारे गणतंत्र दिवस के उत्सव में अभिव्यक्त होता है।
- ➨भारत की अध्यक्षता में दिल्ली में जी 20 शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन एक अभूतपूर्व उपलब्धि थी। जी 20 शिखर सम्मेलन के माध्यम से ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में भारत के अभ्युदय को भी बढ़ावा मिला,जिससे अंतर-राष्ट्रीय संवाद की प्रक्रिया में एक आवश्यक तत्व का समावेश हुआ।
- ➨नारी शक्ति वंदन अधिनियम,महिला सशक्तीकरण का एक क्रांतिकारी माध्यम सिद्ध होगा। इससे हमारे शासन की प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने में भी बहुत सहायता मिलेगी।
- ➨भारत की अंतरिक्ष यात्रा में अनेक नई उपलब्धियां हासिल की जाने वाली हैं। हमें अपने वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों पर सदैव गर्व रहा है, लेकिन अब ये पहले से कहीं अधिक ऊंचे लक्ष्य तय कर रहे हैं और उनके अनुरूप परिणाम भी हासिल कर रहे हैं। सरकार ने 81 करोड़ से अधिक लोगों को अगले पांच साल तक मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। संभवतः इतिहास में यह अपनी तरह का सबसे बड़ा जन-कल्याण कार्यक्रम है।
- ➨राष्ट्रीय शिक्षा नीति में डिजिटल विभाजन को पाटने और वंचित वर्गों के विद्यार्थियों के हित में, समानता पर आधारित शिक्षा व्यवस्था के निर्माण को समुचित प्राथमिकता दी जा रही है।
- ➨हमारे खिलाड़ियों ने अंतर-राष्ट्रीय मंचों पर भारत का मान बढ़ाया है। हमारे श्रेष्ठ खिलाड़ियों की सफलता से बच्चों को विभिन्न खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरणा मिली है, जिससे उनका आत्मविश्वास बहुत बढ़ा है।

## ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा समारोह

राष्ट्रपति मुर्मु ने राष्ट्र के नाम संबोधन में राम मंदिर के भव्य मंदिर का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हम सबने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान पर निर्मित भव्य मंदिर में स्थापित मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक समारोह देखा। भविष्य में जब इस घटना को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाएगा, तब इतिहासकार भारत द्वारा अपनी सभ्यतागत विरासत की निरंतर खोज में युगांतरकारी आयोजन के रूप में इसका विवेचन करेंगे।

उन्होंने कहा कि उचित न्यायिक प्रक्रिया और सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद मंदिर का निर्माण कार्य आरंभ हुआ। अब यह एक भव्य संरचना के रूप में शोभायमान है। यह मंदिर न केवल जन-जन की आस्था को व्यक्त करता है बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में हमारे देशवासियों की अगाध आस्था का प्रमाण भी है।

## हमारे देश के खिलाड़ियों ने अपने भारत देश का बढ़ाया मान


राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का मान बढ़ाया है। पिछले साल आयोजित एशियाई खेलों में हमने 107 पदकों के नए कीर्तिमान के साथ इतिहास रचा और एशियाई पैरा खेलों में हमने 111 पदक जीते। यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि महिलाएं, हमारी पदक-तालिका में बहुत प्रभावशाली योगदान दे रही हैं।

## तेलंगाना में मिला 100 करोड़ के कालेधन का कुबेर

### नोट गिनते-गिनते थक गए अधिकारी



**हैदराबाद ,25 जनवरी 2024(ए)।** तेलंगाना सरकार के एक अधिकारी के ठिकानों पर बीते दिन एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) की छापेमारी हुई, जिसमें अपार धन मिला है। अधिकारी शिव बालाकृष्ण के परिसरों से 100 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई है। एसीबी के अधिकारियों को बालाकृष्ण के पास से 40 लाख कैश, 2 किलो सोना, कई महंगी घड़ियां, कई महंगे स्मार्टफोन, 10 लैपटॉप और कई दस्तावेज बरामद हुए हैं।



# नए मतदाताओं से पीएम मोदी ने कहा,आपका एक वोट स्थिर सरकार बनाकर दुनिया में भारत की साख बढ़ाएगा

### आपका वोट ये तय करेगा कि भारत की दिशा क्या होगी



**नई दिल्ली,25 जनवरी 2024 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं के सपनों को ही अपना संकल्प बताते हुए कहा है कि उन्होंने युवाओं पर हमेशा से ही विश्वास किया है और युवाओं के सपनों को ही साकार करने के लिए उनकी सरकार ने ऐसे फैसले लिए हैं जो इससे पहले की सरकारों के दौरान असंभव माने जाते थे।उन्होंने देश के युवाओं से 'मेरा युवा भारत (माई भारत)' संगठन से जुड़ने का आग्रह करते हुए आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर भाजपा का घोषणा पत्र (संकल्प पत्र) तैयार करने के लिए 'नमो एप' के जरिए अपने सुझाव भी पहुंचाने को कहा। उन्होंने कहा कि वह अच्छा सुझाव देने वाले युवाओं से मुलाकात कर, बातचीत भी करेंगे।

भाजपा के युवा मोर्चा- भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा देश के 5 हजार 800 स्थानों पर आयोजित 'नमो नवमतदाता सम्मेलन' से जुड़े 50 लाख से ज्यादा पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं से आगामी लोक सभा चुनाव में मतदान अवश्य करने का आग्रह करते हुए कहा, आज जब देश 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य पर काम कर रहा है तो आपका वोट ये तय करेगा कि भारत की दिशा क्या होगी। जिस तरह 1947 से 25 साल पहले भारत के नौजवानों पर देश को स्वतंत्र कराने का दारोमदार था, उसी तरह 2047 तक यानी 25 सालों में आप पर विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी है। आपका एक वोट और देश की विकास की दिशा दोनों आपस में जुड़े हुए हैं। आपका एक वोट, भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएगा। आपका एक वोट, भारत में एक स्थिर और बड़े बहुमत वाली सरकार लाएगा। आपका एक वोट, भारत में तेज रिफॉर्म की गति को और तेजी देगा। आपका एक वोट, डिजिटल क्रांति को और ऊर्जा देगा।आपका एक वोट, भारत को अपने दम पर अंतरिक्ष में पहुंचाएगा।आपका एक वोट, भारत में पहला पैसेंजर एयरक्रॉफ्ट बनाएगा। आपका एक वोट, दुनिया में भारत की साख और बढ़ाएगा।

देश में पूर्ण बहुमत की मजबूत और स्थिर सरकार के फायदे गिनाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, स्थिर सरकार होती है तो देश बड़े फैसले लेता है, दशकों से लटकी हुई समस्याओं को सुलझाकर आगे बढ़ता है। हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाकर दशकों का इंतजार खत्म किया। हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार ने सेना के जवानों के लिए वन रैंक, वन पेंशन लागू कर देश के पूर्व फौजियों का चार दशक का इंतजार समाप्त किया। हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार है जिसने नारी शक्ति वंदन अधिनियम बनाकर देश की महिलाओं का वर्षों पुराना इंतजार खत्म किया। ये हमारी सरकार है जिसने तीन तलाक कानून बनाकर मुस्लिम बहन-बेटियों में इंसाफ की उम्मीद बढ़ाई। ये हमारी सरकार है जिसने तीन दशकों के इंतजार के बाद नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की। ये हमारी सरकार है जिसने एससी, एसटी, ओबीसी का हित सुरक्षित रखते हुए भी गरीब युवाओं के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया। ये हमारी सरकार है जिसको अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी होने का अवसर मिला।

# सुप्रीमकोर्ट ने स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ मुकदमे पर लगाई रोक

### योगी सरकार को नोटिस जारी

**नई दिल्ली,25 जनवरी 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक अंतरिम आदेश पारित कर कथित तौर पर श्री रामचरितमानस का अपमान करने और लोगों को हिंदू महाकाव्य के पन्नों को फाड़ने और जलाने के लिए उकसाने के आरोप में समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ शुरू किए गए मुकदमे पर रोक लगा दी।



जस्टिस बी.आर. गवई और संदीप मेहता ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) शरण देव सिंह ठाकुर से कहा, आप इन चीज़ों को लेकर इतने संवेदनशील क्यों हैं? यह व्याख्या का विषय है। यह एक विचार धारा है। यह अपराध कैसे है? उन्हें (मौर्य को) प्रतियां जलाने के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। मौर्य द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका की जांच करने पर सहमति व्यक्त करते हुए पीठ ने राज्य सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया।शीर्ष अदालत ने नोटिस का चार हफ्ते में जवाब मांगा। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के समक्ष लंबित कार्यवाही पर रोक लगाने का आदेश दिया।अक्टूबर 2023 में, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने धारा 482 सीआरपीसी (आपराधिक प्रक्रिया संहिता) के तहत दायर मौर्य के आवेदन को खारिज कर दिया था, जिसमें आरोप पत्र और विशेष न्यायाधीश द्वारा जारी समन को चुनौती दी गई थी, जिसमें उन्हें मुकदमे का सामना करने के लिए अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया था।हाई कोर्ट के जज सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने कहा था कि आरोप पत्र और रिकॉर्ड पर मौजूद अन्य सामग्री के अवलोकन से प्रथम दृष्टया निचली अदालत में उन पर मुकदमा चलाने का मामला बनता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ का विचार था कि जन प्रतिनिधियों को सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाले किसी भी कार्य में शामिल होने से बचना चाहिए।

## भगवान की तस्वीर दिखाने से नहीं भरेगा पेट,

### हैदराबाद में मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर कसा तंज



**हैदराबाद,25 जनवरी 2024(ए)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हैदराबाद में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि भगवान की तस्वीर दिखाने से लोगों का पेट नहीं भरेगा। उन्होंने कहा कि जब कोई संकट होता है तो प्रधानमंत्री मोदी पाकिस्तान, चीन या भगवान का नाम जैसे बहाने लेकर सामने आते हैं। इस दौरान, मल्लिकार्जुन खरगे ने तेलंगाना में पार्टी की जीत का उल्लेख करते हुए कहा कि हजार बर्क गिरे लाख आंधियां उठें, वो फूल खिल के रहेंगे जो खिलने वाले हैं

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गई है। इस यात्रा का उद्देश्य देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और जनता पर हो रहे अत्याचार को रोकना है। राहुल गांधी जी की यह यात्रा देश के युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए है। हम सभी को उनका साथ देना चाहिए।

## संपादकीय

# अब हकीकत का अहसास ?

**मणिपुर** में हिंसा की शुरुआत हुए लगभग नौ महीने आने को हैं, लेकिन स्थिति आज भी नियंत्रण में नहीं है। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच अविश्वास और विभाजन की रेखाएं गहरा गई हैं और उनके कुछ संगठन अब आतंकवादी तौर-तरीकों का सहारा लेने लगे हैं। संभवतः मणिपुर में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी को भी हकीकत का अहसास हुआ है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की प्राथमिकताएं चाहे जो हों, प्रदेश के नेता समझ रहे हैं कि मौजूदा सरकार आम जन के बीच अपना भरोसा खो चुकी है और उसके हाथ में समाधान का कोई सूत्र नहीं है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को भी इस आम भावना को स्वीकार करना पड़ा है। तभी रविवार को उन्होंने सर्वदलीय बैठक बुलाई और उसके बाद एलान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का समय मांगेंगे। चर्चा है कि उस मुलाकात में बीरेन सिंह अपने इस्तीफे की पेशकश करेंगे। उनका यह कथन महत्त्वपूर्ण हैः 'हमने कोई फैसला नहीं किया है, क्योंकि हम यह तय नहीं कर पाए हैं कि प्रशासन की जिम्मेदारी हमें किसके हाथ में सौंपनी चाहिए। लोगों को लंबे समय तक बहुत भुगतना पड़ा है और उनके हालात की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।' मणिपुर में हिंसा की शुरुआत हुए लगभग नौ महीने आने को हैं,लेकिन स्थिति आज भी नियंत्रण में नहीं है। जब-तब हिंसा और मौतों की खबर वहां से आती रहती है।

राज्य के दो प्रमुख समुदायों-मैतेई और कुकी के बीच अविश्वास और विभाजन की रेखाएं गहरा गई हैं और उनके कुछ संगठन अब आतंकवादी तौर-तरीकों का सहारा लेने लगे हैं। यह बहुत आरंभ में स्पष्ट हो गया था कि बीरेन सिंह सबको साथ लेकर चलने में नाकाम हो गए हैं और तब से उनके इस्तीफे की मांग की जा रही है। एक बार उन्होंने इस्तीफा देने का दिखावा भी किया, जब उनके समर्थकों ने महिलाओं की भीड़ जुटाकर उनका इस्तीफा फाड़ दिया था। तब यह संदेश दिया गया कि बहुसंख्यक मैतई समुदाय मजबूती से बीरेन सिंह के पीछे खड़ा है। लेकिन हिंसा जारी रहने और उससे सभी समुदायों को भारी नुकसान होने के बाद लगता है कि मैतई आबादी के बीच उनके प्रति भरोसा डिग गया है। तो अब मख्यमंत्री ने एलान किया है कि 'यह राजनीति करने का समय नहीं है और सभी दल आगे का रास्ता ढूंढने के लिए एकजुट हो गए हैं।' देर से ही सही, लेकिन यह अच्छा संकेत है।

# 26 जनवरी होगी सुबह अलबेली



मीनाक्षी सुकुमारन
नोएडा
उत्तरप्रदेश



लहराएँगे तिरंगे हर ओर
क्या घर,सोसाइटी,कार्यालय,
मंत्रालय,बस कार,
साइकिल,ऑटो,रिक्शा
सब तरफ लहराएँगे तिरंगे शान से
दिल्ली में धूमधाम से निकेलगी
परेड जल,थल, वायु सेना,पुलिस ,
एन सी सी आदि की
मनभावन झांकियां हर प्रांत की,
स्कूली बच्चों के नृत्य
मोटरसाइकिलों पर अदभुत साहस प्रदर्शन
वायु सेना का रोमांच से भरा एयर शो
उड़ेंगे तिरंगे गुब्बारे आसमान में
इस तरह 26 जनवरी का दिन
हो जाता पूरा अनेको सांस्कृतिक कार्यक्रमों से
पूरा दिन रंगा रहता देशभक्ति,देशप्रेम में
वहीं सरहद ,रेगिस्तान,पहाड़ों,
ग्लेशियर,समुद्र व अन्य जगहों पर बन प्रहरी
कर रहा होता है ड्यूटी अपनी
दे मौसम की रूखाई,कड़ाई,हालात को मात
बस करता रक्षा हर हाल में
दुश्मन से देशवासियों की
सलाम है हर उस सैनिक को जो जहां भी है
और उनके परिवारों को जो
हर दुख हँस के सह लेते हैं
जब बेटा तिरंगे में लिपटा
घर आता है होकर शहीद
फिर भी करते हैं गर्व देश के काम आया
और हम सब बस एक दिन तिरंगा हाथ में लेकर,
गालों पर तिरंगा बनाकर,तिरंगे कपड़े
पहनकर,तिरंगे व्यंजन खा कर,देशभक्ति के गीतों
को सुनकर हो जाते हैं खुश
दे नाम देशप्रेम बनाम देशभक्ति का
फिर हो चाहे 26 जनवरी या 15 अगस्त नहीं
बदलता ये अंदाज
बस एक दिन बन जाता खास
दिखाने को अपने जुड़े बात
काश 365 दिन रहे हर देशवासी के दिल में ये
जज्बा देशप्रेम, देशभक्ति का तो कहीं भी कोई
अशांति, युद्ध, तकरार भाषा की,जाति की,धर्म
की,प्रान्तों की,आरक्षण की ,
राजनीति की नहीं होगी
बस रहेगा अमन,चैन, प्यार और सद्भावना
जो होगी सच्ची श्रद्धांजलि शहीदों को और
सलामी देश की सुरक्षा में तैनात सैनिकों को।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# जब जयहिंद संदेश तिरंगी बर्फी ने अंग्रेजी सत्ता की नींद उड़ा दी

**मिठाई** मन मोहती हैं, मुंह में स्वाद घोलती हैं। चाहे बच्चे-बूढ़े हों या तरुण किशोर, प्रौढ़ स्त्री-पुरुष हों या नवजवान।



प्रमोद दीक्षित मलय
बांदा, उत्तरप्रदेश

नौकरीपेशा अधिकारी-कर्मचारी हों या कामगार मजदूर किसान। शहरी नागरिक हों या वनवासी एवं गिरिवासी। मिठाई सभी को पसंद है और मिठाई देखते ही मुंह में पानी आने लगता है और जीभ पर विशेष स्वाद उतर आता है। मिठाई के सभी दीवाने हैं। मिठाई के बिना कोई तीज-त्योहार,धार्मिक अनुष्ठान,यज्ञ-कर्मकाण्ड,विवाह-निकाह सम्पन्न नहीं होता। जन्मदिन की पार्टी में केक के अलावा कोई और मिठाई न हो तो पार्टी फीकी हो जाती है। कार्यालयों में स्थानांतरण या सेवानिवृत्ति का विदाई समारोह हो तो मिठाई की प्लेटों की शोभा देखते ही बनती है। भगवान के भोगराग में भी मिठाई की थाली आवश्यक है। और तो और, श्मशान में मृतक की अंत्येष्टि में भी सात प्रकार की मिठाई का डिब्बा रखने की परम्परा विद्यमान है। कुल मिलाकर मिठाई समाज जीवन के दैनंदिन और विशेष आयोजनों का विशेष एवं अनिवार्य हिस्सा है जिसकी रिक्तता की पूर्ति असंभव है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध स्वतंत्रता की लड़ाई में मिठाईयों ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बनारस की तिरंगी बर्फी और कलकत्ता की जय हिंद संदेश बर्फी ने अंग्रेजी सत्ता की नींद उड़ा दी थी, तब उनके निर्माण एवं विक्रय पर प्रतिबंध लगा






दिया गया था।

लेख का शीर्षक देखकर पाठक चौंके होंगे कि क्या ऐसा सम्भव हुआ होगा, किंतु यह बात सोलह आने सच और खरी है कि अंग्रेजों से भारत वर्ष की आजादी की लड़ाई में क्रांतिकारियों एवं राजनीतिक नेताओ-सेनानियों की भांति हलवाइयों ने भी अपने अलग तरीके से अप्रत्यक्ष ढंग से महत्वपूर्ण योगदान दिया था। भले ही वह प्रत्यक्ष रूप से अंग्रेजों से लोहा नहीं ले सके किंतु अपनी मिठाइयों के माध्यम से गुप्त संदेशों को न केवल क्रांतिकारियों तक पहुंचाया बल्कि क्रांतिकारियों को अपनी दुकानों में आश्रय भी दिया। किंतु दुर्भाग्यवश देश की आजादी की लड़ाई में मिठाई की दुकानों का योगदान अचर्चित एवं अलिखित रह अवश्य गया है पर बनारस, दिल्ली और कोलकाता की गलियों में उनके योगदान के मीठे किस्से आज भी हवा में तैर रहे हैं। अगस्त 1942, महात्मा गांधी जी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन आरंभ किया। बड़े नेता गिरफ्तार कर लिए गये। अंग्रेजी हुकूमत ने देशभर में तिरंगा फहराने-लहराने तथा तिरंगा ध्वज साथ लेकर चलने-फिरने पर प्रतिबंध लगा दिया। साथ ही सार्वजनिक समारोहों के आयोजन करने पर भी रोक लगा दी गई। ऐसे अवसर पर आमजन में देशप्रेम की भावना उत्पन्न करने और अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की धार को तीव्रतर बनाये रखने के लिए बनारस के देशभक्त हलवाई रघुनाथ प्रसाद ने एक तीन परतों की बर्फी बनाई, जिसे नाम दिया गया तिरंगी बर्फी। यह विशेष प्रकार की बर्फी काजू , बादाम और पिस्ता से तैयार की जाती थी तथा स्वतंत्रता सेनानियों एवं आमजन को भी मुफ्त भी खिलाई जाती थी ताकि उनके मन-मस्तिष्क में देशभक्ति का रंग और जिह्वा पर स्वाद चढ़ा रहे। इसके साथ ही जवाहर लड्डू, गांधी गौरव, सुभाष भोग, मोती पाक और वल्लभ संदेश नाम से विविध मिठाइयां बनाई जाती थीं।आज भी यह तिरंगी बर्फी बनारस के ठठेरी बाजार की उस दुकान में बनाई जा रही है हालांकि अब काजू ,बादाम एवं पिस्ता की जगह यह दूध और खोया से तैयार की जा रही है, लेकिन अपनी परंपरा का निर्वाह करते हुए यह तिरंगि बर्फी आज भी लोगों की पहली पसंद बनी हुई है, आमतौर से स्वाधीनता दिवस तथा गणतंत्र दिवस में बहुत मांग रहती है। इसी प्रकार कोलकाता में मन्मथ दास नाम के हलवाई ने जयहिंद संदेश नाम की तीन रंगों की बर्फी तैयार की। ऊपर नारंगी रंग, बीच में मलाईदार खोवा की परत और नीचे पिस्ता से बनी हरी परत रहती थी। आपको जानकर यह आश्चर्य होगा कि तिरंगी बर्फी और जयहिंद संदेश की अत्यंत लोकप्रियता और इनसे आमजन में देशभक्ति की भावना का ज्वार उठ जाने से अंग्रेजी हुकूमत की नींद उड़ गई और अंग्रेजों ने जयहिंद संदेश तथा तिरंगी बर्फी निर्मित करने और विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया। बावजूद इसके यह बर्फी चोरी-छिपे बनाकर आम जनता तक पहुंचाई जाती रही।

अब मैं आपको दिल्ली की उन मिठाई की दुकानों की ओर लिए चलता हूं जहां भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद प्रभृति क्रांतिकारी न केवल गुप्त वार्ताएं करते थे बल्कि मिठाई के डिब्बों के आदान-प्रदान से एक-दूसरे तक गुप्त सूचनाएं भी पहुंचाते थे। जब अंग्रेजी सत्ता के गुप्तचर क्रांतिकारियों की टोह लेने के लिए चतुर्दिक सक्रिय रहते थे और क्रांतिकारी गतिविधियों को अंजाम तक पहुंचने से पहले रोकने के लिए अंग्रेजी सत्ता कटिबद्ध थी तब क्रांतिकारियों ने मिठाईयां को कोड देकर महत्वपूर्ण संदेश गोपनीय ढंग से गुप्तचरों की आंखों में की धूल झोंकते हुए संबंधित क्रांतिकारी तक न केवल पहुंचाते थे बल्कि क्रांतिकारी गतिविधियां भी संपन्न करते थे। जैसे यदि मिठाई के डिब्बे में लड्डू है तो इसका आशय था कि अड्डे पर बम उतर रहे हैं , बंगाली छेना रसगुल्ला का अर्थ होता था कि विस्फोटकों की एक बड़ी खेप रास्ते पर है। इसी तरह यदि डिब्बे में बर्फी है तो पाने वाला क्रांतिकारी समझ जाता था कि कारतूस, गोला और बारूद उपलब्ध हो गया है। इन मिठाई की दुकानों की ओर अंग्रेजों का कभी ध्यान नहीं गया और न कभी छापा डाला गया। इसलिए क्रांतिकारी अंग्रेजों की नजरें बचा कर यहां बैठकर न केवल अपनी गुप्त वार्ताएं संपन्न करते थे बल्कि संकट और धरपकड़ के समय कुछ दिनों का आश्रय भी पाते थे।

भारत की आजादी के संघर्ष इतिहास का यह एक ऐसा अध्याय है जिसके पृष्ठ कोरे हैं। आवश्यकता है कि इस पर सरकार द्वारा शोध करवाकर स्वातंत्र्य समर में मिठाई की दुकानों के योगदान को अंकित किया जाये ताकि आगामी पीढ़ी परिचित हो प्रेरणा ग्रहण कर सके।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# कैसा है गणतंत्र दिवस

**जब** 15 अगस्त 1947 को भारत अंग्रेजों से आजाद हुआ देश के प्रबुद्ध राजनेताओं और विचारकों ने संविधान का निर्माण किया। यहां यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि किसी देश का संविधान यह बताता है कि उस देश में शासन प्रणाली कैसी होगी, शासन कैसे चलाया जाएगा, शासन चलाने के विभिन्न अंगों में आपस में क्या संबंध होगा। भारत का संविधान 26 जनवरी,1950 में लागू किया गया। इस का निर्माण करने में प्रमुख भूमिका डॉ बी आर अंबेडकर की रही। संविधान का निर्माण करने में एक संविधान सभा का गठन किया गया जिसके 299 सदस्य थे और इसके अध्यक्ष थे डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद। इस संविधान सभा के अन्य महत्वपूर्ण सदस्य पंडित जवाहरलाल नेहरू, वल्लभभाई पटेल, मौलाना अब्दुल कलाम आजाद आदि थे।



प्रोफेसर शाम लाल कौशल
रोहतक, हरियाणा

भारतीय संविधान धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद तथा समानता को मुख्य रखकर बनाया गया था। भारत का संविधान दुनिया के सभी संविधानों की अच्छी-अच्छी बातों को लेकर बनाया गया है और यह दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। भारतीय संविधान संसदीय लोकतंत्र पर आधारित है जिसके तहत हर 5 साल के बाद विभिन्न राजनीतिक दल चुनाव लड़ते हैं और जिस दल के लोकसभा के सदस्यों की कुल संख्या आधे से अधिक सांसद होते हैं राष्ट्रपति उसे सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करते हैं। सरकार का चुनाव मतदान के द्वारा किया जाता है। भारत राज्यों का संघ है, जिसमें केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारें हैं जहां पर विधानसभाओं के चुनावों के द्वारा सरकारें गठित होती हैं। हर राज्य में राज्य सरकार की सहमति से केंद्र के द्वारा संविधान के मुताबिक शासन चलाने के लिए राज्यपाल नियुक्त किया जाता है जो कि केंद्र तथा राज्य में पुल का काम करता है। संविधान के मुताबिक विभिन्न कार्यों को राज्यों में तथा केंद्र में बांट दिया जाता है और कुछ कार्य दोनों मिलकर करते हैं। संविधान के मुताबिक विधायिका कानून बनाती है, कार्यपालिका इन्हें लागू करती है और न्यायपालिका संविधान की व्याख्या करती है। मीडिया लोकतंत्र को चौथा स्तंभ कहा जाता है जो कि जनता की सरकार के कामकाज के ऊपर आंख, कान तथा जुबान का काम करता है। वह सरकार के कामकाज की समीक्षा कर सकता है और सुझाव भी दे सकता है।

इस साल देश 75 वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। यह सचमुच ही भारत की लोकतंत्र की सफलता ही मानी जाएगी क्योंकि 1950 से लेकर अब तक विश्व के अनेक देशों में लोकतांत्रिक सरकारों का पतन हो गया है और वहां पर एक तंत्र वाद अर्थात् तानाशाही ही देखने को मिलती है जबकि भारत में संसदीय लोकतंत्र फल फूल रहा है। समय-समय पर सरकारें संविधान में आवश्यकता के अनुसार संशोधन करती रही है। अब तक भारत के संविधान में 127 संशोधन हो चुके हैं। वर्तमान सरकार की संविधान के मुताबिक समीक्षा करना आवश्यक है। भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार अब तक लगभग 10 साल पूरे करने जा रही है। देखना यह होगा कि सरकार ने संविधान के मुताबिक किस तरह शासन किया है। इसमें कोई शक नहीं कि भाजपा तथा सहयोगी दलों को दो तिहाई से भी ज्यादा प्रचंड बहुमत संसद में प्राप्त है। इसके बलबूते पर वर्तमान सरकार जिस तरह से भी काम करना चाहे उसे रोकने वाला विपक्ष बिल्कुल कमजोर तथा बंटा हुआ है और कोई भी चुनौती पेश नहीं कर सकता। जबकि एक सफल लोकतंत्र के लिए सशक्त विपक्ष का होना बहुत जरूरी है। जब कभी भी संसद का अधिवेशन होता है तो शासक दल का वर्चस्व बना रहता है, विपक्ष को विभिन्न मुद्दों पर बात नहीं करने दी जाती, अगर कोई विपक्षी सदस्य सरकार को चुनौती देता है तो सदन की मर्यादा भंग करने का बहाना लगाकर उसको सदन से निष्कासित कर दिया जाता है या निलंबित कर दिया जाता है। शीतकाल अधिवेशन में लगभग 145 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। विपक्ष की अनुपस्थिति में सरकार ने बिना बहस के कानूनों को पास कर दिया। यह सब संविधान की मर्यादा के अनुकूल नहीं कहा जा सकता। वार्षिक बजट तथा विभिन्न बिल बहस के बिना ही पास हो जाते हैं। बहुत बार सदन में सत्ता पक्ष तथा विपक्ष में खींचतान, हो हल्ला तथा आरोप प्रत्यारोप होता है और संसद की कार्रवाई अगले दिन तक स्थगित कर दी जाती है। इस तरह जनता के द्वारा दिए गए टैक्स से चलने वाली संसद पर पैसा बर्बाद होता है। सदन को चलाना सत्ता पक्ष तथा विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है लेकिन इसमें सत्ता पक्ष की जिम्मेवारी ज्यादा है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है। इसमें सरकार के द्वारा किसी भी धर्म का पक्ष लेने की आशा नहीं की जाती। परंतु वर्तमान भाजपा सरकार खुल्लम खुल्ला हिंदुत्व को लेकर राजनीतिक लाभ उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही। जिस तरह सरकार ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण मैं सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया वह संविधान का सरासर उल्लंघन है। पूछा जा सकता है कि क्या सरकार किसी और धर्म के लिए इतना कुछ करेगी। सांप्रदायिकता बढ़ रही है।

सरकार अपने विरोधियों का दमन करने के लिए स्वायत्त संस्थाएं जैसे इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, सीबीआई तथा ईडी का दुरुपयोग कर रही है। पूछा जा सकता है कि क्या भ्रष्ट लोग सिर्फ विपक्ष में ही है। केंद्रीय मंत्रिमंडल के 75 सदस्यों में से बहुत सारों के ऊपर गंभीर केस लंबित है उनके खिलाफ सरकार कार्रवाई क्यों नहीं करती। जिन विपक्षी सदस्यों पर सरकार भ्रष्ट होने का आरोप लगाती है जब वह सरकारी दल में शामिल हो जाते हैं तो उनके खिलाफ करवाई ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है। यह सत्ता का दुरुपयोग नहीं तो और क्या है।

भारत राज्यों का संघ है। इसके मुताबिक राज्यों तथा केंद्र के अपने-अपने कर राजस्व के साधन है। परंतु केंद्र सरकार ने जीएसटी लागू करके कर राजस्व का अपहरण कर दिया है जिससे राज्यों को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है और अपना काम चलाने के लिए उन्हें रिजर्व बैंक आफ इंडिया से ऋण लेना पड़ रहा है। इसके अलावा केंद्र सरकार गैर भाजपा सरकारों को राज्यपालों के द्वारा परेशान करती है। पश्चिम बंगाल, केरल, पंजाब तथा दिल्ली इसके उदाहरण है। इन राज्यों में राज्यपाल समानांतर सरकार चलाते हुए दिखाई देते हैं। विधानसभा द्वारा पारित बिलों को कानून बनने के लिए अनुमति नहीं देते, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों को ऐसा न करने का आदेश भी दिया है। केंद्र सरकार अपने प्रचंड बहुमत के बलबूते पर न्यायपालिका के ऊपर भी हावी होने की कोशिश कर रही है। परंपरा के अनुसार विभिन्न न्यायालयों में जजों की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के द्वारा ही की जाती है, केंद्र सरकार औपचारिकता के तौर पर इनकी नियुक्ति की अनुमति दे देती है। परंतु वर्तमान सरकार यह चाहती है कि विभिन्न न्यायालयों में नियुक्ति में उसकी अहम भूमिका होनी चाहिए। संविधान की व्याख्या का अधिकार सुप्रीम कोर्ट को दिया गया है। अगर सुप्रीम कोर्ट कोई कार्रवाई केंद्र सरकार के खिलाफ करती है तो केंद्र सरकार संसद में प्रचंड बहुमत के बलबूते उस फैसले को निरस्त करके नया कानून बना देती है। इस तरह केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के स्वतंत्र कार्यक्रम में बाधा डालती है। लोकतंत्र में मीडिया की अहम भूमिका होती है। परंतु वर्तमान में मीडिया सरकार का प्रवक्ता मात्र बनकर रह गया है। मीडिया स्वतंत्र नहीं है। वह सरकार की बोली ही बोलता है। सरकार से जनहित में कोई बात नहीं पूछ सकता और ना ही सरकार की किसी नीति की आलोचना कर सकता है। सरकार मीडिया का दुरुपयोग करके भ्रांति फैलाने वाली खबरें ही लोगों तक परोस रही है। यह सरासर संविधान की अवहेलना है। संविधान के मुताबिक भारत एक कल्याणकारी राज्य बनेगा। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर संविधान में निर्देशक सिद्धांत की बात कही गई है। जिसके मुताबिक शिक्षा, चिकित्सा, पीने का पानी आदि सुविधाएं सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई जायेंगी। कल्याणकारी राज्य की स्थापना को लेकर भारत में मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया गया था जिसके मुताबिक वह उद्योग धंधे जिसमें बहुत ज्यादा धनराशि के निवेश की जरूरत है और जिससे लोगों को रोजगार मिलता हो और उससे लोगों का कल्याण होता हो, वो सरकार के द्वारा चलाए जाएंगे। इन्हें पब्लिक सेक्टर यूनिट्स कहा जाता है। इसके तहत सरकार ने लोहा, इस्पात, आयल रिफायनरी, रेलवे, वायुयान सेवा, जल विद्युत, खाने आदि का काम सरकारी क्षेत्र में रखा। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पहले 14 बड़े और फिर 6 बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण भी किया ताकि कृषि,लघु उद्योग,निर्यात आदि को वित्तीय सुविधा दी जा सके। परंतु जब से भारत में नई आर्थिक नीति को लागू किया गया है तब से सरकारी उद्योगों को बेच बेचकर सरकार पैसा इकट्ठा कर रही है और सरकारी उद्योगों को निजी क्षेत्र को सौंप रही है। इससे बेरोजगारी, गरीबी, कीमत वृद्धि तथा आर्थिक असमानता बढ़ रही है। इस समय स्थिति यह है कि ऊपर के 5 प्रतिशत लोगों के पास धन संपत्ति का 50 प्रतिशत भाग है। यह सब संविधान के मुताबिक कल्याणकारी राज्य की स्थापना के खिलाफ है।

वर्तमान सरकार अपनी पीठ थपथपाते हुए यह कहती है कि 2014 से लेकर अब तक देश में बहुत विकास हुआ है। भारत इस समय विश्व की सबसे बड़ी पांचवी अर्थव्यवस्था है और जल्दी ही तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। अगर देश के 80 करोड़ लोगों को सरकार के द्वारा 5 किलो अनाज देकर उनका पेट भरा जा रहा हो और उन्हें अपाहिज बनाया जा रहा हो तो इस प्रकार के विकास का क्या मतलब। देश में हवाई जहाज के अड्डे बनाना, हाईवे बनाना, मेट्रो या बुलेट ट्रेन चलाना उच्च आमदनी वाले लोगों के लिए ही तो है आम लोगों के लिए तो रोजी-रोटी के भी लाले पड़ गए हैं। एक अनुमान के अनुसार देश में गरीबी, कीमत वृद्धि ,कुपोषण,एनीमिया,प्रदूषण, भ्रष्टाचार आदि बढ़ रहे हैं। क्या हम अपने देश के हालात से संतुष्ट हैं। क्या देश में संविधान के मुताबिक शासन चलाया जा रहा है। 26 जनवरी को राजपथ पर हर साल किसी न किसी विदेशी अति विशिष्ट व्यक्ति को मुख्य अतिथि बनाकर आमंत्रित किया जाता है। विभिन्न राज्यों की झांकियां, सेना के तीनों अंगों के सैनिकों की परेड, नवीनतम हथियारों का प्रदर्शन आदि देखकर देश के लोकतंत्र पर गर्व तो जरूर होता है। परंतु अगर इसके साथ-साथ संविधान की अन्य बातों को भी अगर लागू किया जाए तो देश हित में यह बहुत अच्छी बात होगी। संविधान को खिलौना नहीं बनाया जा सकता।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का इतिहास




**आजादी** की पहली मांग सन् 1857 ईस्वी में उठी उसी समय राष्ट्र के ध्वज बनाने की योजना बनी परंतु पहले स्वतंत्रता संघर्ष के परिणाम को देखकर झंडे की मांग बीच में ही अटक गई । वर्तमान स्वरूप में विद्यमान झंडा कई चरणों से होकर गुजरा है । प्रथम चित्रित ध्वज स्वामी विवेकानंद की शिष्या भगिनी निवेदिता द्वारा 1904 में बनाया गया था और इसे 7 अगस्त 1906 के कोलकाता कांग्रेस के अधिवेशन में फहराया गया था । इस ध्वज को क्षैतिज तीन रंगो लाल, पीला एवं हरे रंग की क्षौतिज पट्टियां बनाया गया था ।ऊपर की ओर हरी पट्टी में आठ कमल थे जिनका रंग सफेद था , नीचे की लाल पट्टी में सूरज और चांद बनाए गए सफेद रंग से बनाये गए थे बीच की पीली पट्टी पर नीले रंग से वंदे मातरम लिखा गया था।



लाल बिहारी लाल
नई दिल्ली

द्वितीय ध्वज की बात करें तो सन 1907 ईस्वी में मैडम भीका जी कामा और कुछ अन्य निर्वाचित क्रांतिकारियों ने मिल कर पेरिस में पहली बार फहराया था। तृतीय चित्र ध्वज की बात करें तो 1917 ईस्वी में राजनीतिक संघर्ष के दौरान एनी बेसेंट और लोकमान्य तिलक ने घरेलू शासन आंदोलन के दौरान फहराया था। इस ध्वज में पांच लाल और चार हरे क्षैतिज पट्टियां एक के बाद एक और सप्तऋ षि के अभिविन्यास में इस पर सात सितारे बने थे ।ऊपरी किनारे पर बायी और यूनियन जैक था । उपर दायी तरफ एक कोने में सफेद अर्द्धचंद्र और सितारा भी था । कांग्रेस के विजयवाड़ा अधिवेशन में एक युवक पिंगली वेंकैया ने एक चौथा झंडा बनाया था जिसमें दो रंगों का लाल और हरा रंग का था जो दो प्रमुख समुदाय अर्थात हिंदू और मुस्लिम का प्रतिनिधित्व करता था गांधी जी ने 1921 ईस्वी में सुझाव दिया कि भारत के शेष समुदाय का प्रतिनिधित्व करने के लिए इसे एक सफेद पट्टी मध्य में और सफेद पट्टी के बीच में प्रगति के लिए चलता हुआ चरखा होना चाहिए। वर्ष 1931 में झंडा के इतिहास में एक नया मोड़ आया तिरंगे ध्वज को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपने का एक प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें तीन रंग उपर केसरिया बलिदान का प्रतीक बीच में सफेद शांति का प्रतिक और अशोक स्तंभ से लिया चक्र इसे विधि चक्र भी कहते हैं जिसमें 24 तिल्लिया प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देती है और सबसे नीचे हरा रंग हरियाली एवं खुशहाली का प्रतीक। तीनों पट्टियां समानुपात में आयताकार जिसकी लंबाई और चौड़ाई का अनुपात 3~2है। इसे राष्ट्रध्वज के रूप में मान्यता मिली 22 जुलाई 1947 ई. को संविधान सभा ने वर्तमान भारत के तिरंगा को भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया तथा आजादी के बाद भी इसका रंग और महत्व आज भी बना हुआ है ।इस ध्वज को आज 26 जनवरी 1950 को संवैधानिक मान्यता प्राप्त हुआ।

## बंटवारे को लेकर बातचीत अन्तिम दौर में


**उत्तर** प्रदेश में कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के दरम्याना सीटों के बंटवारे को लेकर अंतिम दौर की बातचीत चल रही है। अगली बैठक में सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे के भी शामिल होने की उम्मीद है। कुछ बिन्दुओं को लेकर गतिरोध जारी है। उप्र में कांग्रेस, सपा, रालोद, अपना दल (कमेरावादी) मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। सपा ने रालोद को सात सीटें देने का निर्णय किया है। तृणमूल कांग्रेस के लिए भी एक सीट छोड़ने का विचार किया जा रहा है।

-अजय दीक्षित-

## गणतंत्र दिवस

**अपना 75 वां गणतंत्र दिवस मनाएंगे!**

वीर शहीदो को श्रद्धा सुमन चढ़ाएंगे
इस दिन का रहता है सभी को इंतजार
इस दिन मिला था गणतंत्र का उपहार
यह है हमारे देश का राष्ट्रीय त्यौहार !
इसलिए सभी करते हैं इससे प्यार !!
अपना प्यारा तिरंगा झंडा फहराएंगे !
सब मिलकर गणतंत्र दिवस मनाएंगे
लोगों को मिला मतदान का अधिकार
जिससे बनी देश में जनता की सरकार
आओ डॉ अम्बेडकर को याद करे !
सभी महापुरुषों का सत्कार करे !!
भारत माता को आज सब करे नमन
ताकि देश मे रहे शान्ति और अमन
आज के दिन सबको दे शुभकामनाएं
आओ मिलकर गणतंत्र दिवस मनाएं



श्याम सुन्दर साहू
राजिम,गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मूल ग्रन्थ है जनमत का

भारत की जो आन बान है
जन जन का स्वाभिमान है
जन गण मन से रत देश है
रंग-बिरंगा जहाँ का वेश है
संविधान को अब तो जाने
बारिकिया इसकी पहचाने
क्योंकि पहले मेरा स्वदेश है
रंग-बिरंगा जहाँ का वेश है
मूल ग्रन्थ है यह जनमत का
सिद्धांत छुपा है हर मन का
बाबा का सुन्दर जो सन्देश है
रंग-बिरंगा जहाँ का वेश है
गणतंत्र को अक्षुण रखना है
देश हित ही तो मर मिटना है
तन मन धन से ऊपर देश है
रंग-बिरंगा जहाँ का वेश है



प्रमेशदीप मानिकपुरी
आमाचानी धमतरी
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## ये लोकतंत्र है

राजतंत्र चला गया
यदि गणतंत्र जश्न मनाता है
कि लोकतंत्र आ गया है
यहां फिर से
बहुत से लोग राजशाही चाहते हैं...
द रीज़न...आज सत्ता में हैं
उपस्थित सभी लोग
कल के राजाओं की तरह
एक आधुनिक कार में
भवानी आ रही है
आधुनिक शैली में पोशाक
असाटी आ रही है
एक नागरिक के तौर पर
बिना...प्रजा के राजा के रूप में
ताज पहनाया लोगों को
बिना सुरक्षा के ब्लैक कैट फोर्स
सुरक्षा में बुलेटप्रूफ
भवानी कार में आती है
स्वतंत्र रूप से?



ओत्तेरी सेल्वा कुमार,
चेन्नई,
तमिलनाडु

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## गणतंत्र दिवस

चलो आज बताते है हम
गणतंत्र दिवस क्यों मनाते है ?
इस दिन को ही भारत वासी
सीना क्यों फुलाते है ।।
आजादी का जशन हुआ तब भी
भारत का स्वतंत्रता अधूरा था ।
जात-पात,ऊंच-नीच के कारण
जशन का प्रकाश भी फिका था ।
स्वतंत्रता मिली औरों से तब भी
मन विचार पर परतंत्रता था ।
छुआ छूट की भाव थी उमड़ी
ऊंच नीच का भेद भाव था।
आजादी का जशन हुआ तब भी
भारत का स्वतंत्रता अधूरा था ।
तब उमड़ी एक विचारधारा वीरों का
खत्म करे ये भेदभाव अंधेरों का ।
आगाज हुई सविधान बनाने की
उजालों से अंधेरा हटाने की ।
अध्यक्षता निभाया अंबेडकर जी ने
लिखा हमारा संविधान था।
2 वर्ष,11 माह,18 दिन की कड़ी
मेहनत से
बना हमारा संविधान था ।
सात मौलिक अधिकारों का जब
वार हुआ भेदभावों पर ।
गणतंत्र दिवस का आगाज हुआ
इन प्रकाश भरी उजालों पर ।
तब हुआ स्वतंत्रता पूरा
जब हुआ गणतंत्र हमारा ।
जिसकी याद दिलाती है हमे
ये गणतंत्र दिवस हमारा ।।
जय हिंद।।।



शुभम सिन्हा
छैलडोंगरी
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# इस सीजन में बुधवार की रात रही सबसे ठंड,न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।



उत्तर दिशा से आ रही शुष्क हवाओं के कारण सरगुजा में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। इस सिजन का 24 जनवारी की रात सबसे ठंड रही। न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री दर्ज किया गया है। जो सामान्य से 4 से 5 डिग्री कम है। वहीं अधिकतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले मैनपाट का न्यूनतम तापमान 3 डिग्री के करीब पहुंच गया है। यहां मैदानी इलाकों में जगह-जगह ओस की बूंदे जमने से बर्फ के सामान सफेद चादर बिछी नजर आई। घांस, पुआल व छोटे पौधें की पतियों पर ओस की बूंदे जमी हुई थी।

मौसम वैज्ञानिक एएम भट्ट के ने बताया कि इस सप्ताह में 22 जनवरी को सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के कारण न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव देखा गया। इस सप्ताह में हल्की बूंदा-बांदी भी हुई। बादलों की पर्याप्त आवाजाही रहने के कारण घने कोहरे से कई बार दृश्यता बाधित हुई और दैनिक तापमान में विचलन रहा। न्यूनतम तापमान 5.0 डिग्री तक गिर कर पुनः10.0 डिग्री तक चढ़ा और विक्षोभ के गुजरते ही गुरुवार का न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री दर्ज किया गया है। जो इस सीजन का सबसे कम रहा। इससे सरगुजा में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। ठंड से लोग परेशान हैं। वहीं छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले मैनपाट के अलावा सामरीपाठ का न्यूनतम तापमान 3 डिग्री के करीब रहा। क्यों कि अन्य जगहों की उपेक्षा यहां ज्यादा ठंड पड़ती है। वहीं मैनपाट में जगह-जगह ओस की बूंदे जमने से बर्फ के सामान सफेद चादर बिछी नजर आई। घांस, पुआल व छोटे पौधें की पतियों पर ओस की बूंदे जमी हुई थी। वहीं मौसम वैज्ञानिक का मनना है कि अगले 24 घंटे के अंदर न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार उत्तर भारत की ओर से एक नया पछुवा प्रभावी हो रहा है और इसी क्रम में दूसरा पछुआ 27 जनवरी को दस्तक देगा। अतः अगले सप्ताह में भी मौसमी उतार चढाव का दौर रहने की पूरी सम्भावना है। वहीं विक्षोभ की सक्रयता खत्म होते ही एक बार फिर तामान में गिरावट आने से कड़ाके की ठंड पड़ सकती है।

### पिछले 10 वर्षों में जनवरी में न्यूनतम तापमान की स्थिति

| | | |
|---|---|---|
| 2014 | 14 जनवरी | 7.0 |
| 2015 | 19 जनवरी | 5.3 |
| 2016 | 23 जनवरी | 3.2 |
| 2017 | 14 जनवरी | 4.2 |
| 2018 | 5 जनवरी। | 4.8 |
| 2019 | 30 जनवरी | 4.9 |
| 2020 | 11 जनवरी | 4.7 |
| 2021 | 16 जनवरी | 6.0 |
| 2022 | 28 जनवरी | 6.0 |
| 2023 | 7 जनवरी | 4.6 |
| 2024 | 25 जनवरी | 4.5 |

### पिछले चार दिनों की तापमान की स्थिति

| दिनांक | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 25 जनवरी | 22.2 | 4.5 |
| 24 जनवरी | 20.8 | 10.1 |
| 23 जनवरी | 25 | 5.8 |
| 22 जनवरी | 23 | 5.0 |

# सरगुजिहा त्यौहार छेरता पर्व पौष पूर्णिमा के दिन हर गांव में धूम-धाम से मनाया गया



**सरगुजा जिले में कई तरह के लोक पर्व मनाए जाते हैं,उन्हीं पर्वों में से एक है छेरता जिसे छेरछेरा पर्व के नाम से भी जाना जाता है...पौष महीने की पूर्णिमा पर छेरछेरा या छेरता पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया...**

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,25 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा के समस्त गांवों में छेरता पर्व का पर्व धूम-धाम से मनाया गया। गावों में स्थानीय लोग एक साथ मिलकर त्यौहार मनाये। इस पर्व में छोटे बच्चों की विशेष भूमिका रही। छेरता पर्व के दिन सुबह से ही बच्चे, युवक और युवतियां हाथ में टोकरी,बोरी लेकर घर-घर छेरछेरा मांगते रहे। वहीं कई जगह युवकों की टोलियां डंडा नृत्य कर घर-घर पहुंचे। क्योंकि इस समय धान की मिंसाई होने के कारण हर घर में धान का भंडार होता है इसलिए छेरछेरा मांगने वाले लोगों को हर घर से नया धान और नकदी राशि मिली।

#### क्या होता है छेरता पर्व ?

जब गांवों में बच्चे नया चावल मांगने निकलते हैं, तो पारंपरिक अंदाज में वो एक गीत गाते हैं। छेर छेरता माई मोरगी मार दे, कोठे के धान ला हेर दे। हाथ में डंडे लिये ये बच्चे हर किसी के घर के सामने इन लाइनों को दोहराते हैं. जिसके बाद बच्चों को उस घर से नया चावल मिलता है. इसी तरह बड़े लोग रात के समय में छेरता का चावल मांगने निकलते हैं. इस दौरान महिला सुगा गीत गाती हैं और पुरुष शैला गीत के साथ नृत्य करते हैं. ये भी हर घर से चावल मांगते हैं। सभी किसान अपनी नई फसल का चावल दान करते हैं। धान कटाई और मिसाई के बाद धान को बेचकर सभी किसान खेती पूरी कर के खाली हो जाते हैं। इसी के उपलक्ष्य में ये त्यौहार मनाया जाता है।

#### फसल अच्छी होने पर देवी देवताओं को दिया जाता है धन्यवाद

छेरता पर्व का आयोजन छत्तीसगढ़ में साल के विशेष समय पर होता है। स्थानीय किसान अपनी फसलों की पूजा और धन्यवाद के रूप में इसे मनाये। पर्व की शुरुआत विशेष पूजा-अर्चना के साथ किया गया। जिसमें लोग अपने क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए देवताओं की कृपा की प्रार्थना की।

#### गांवों में उत्सव जैसा रहा माहौल

सरगुजा जिले में छेरता पर्व के दौरान पूरा गांव का माहौल नया हो गया। गांवों में आपसी समरसता से कई तरह के प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कला कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्रामीण एक दूसरे से मिलते हुए नजर आए। इस दौरान लोग आपसी भाईचारा और प्रेम को बढ़ाते रहे। यह पर्व सांस्कृतिक विविधता का भंडार है। जिसमें लोक नृत्य, संगीत और कला कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय कलाकारों को अपनी कला का प्रदर्शन दिखाने का मोका मिला।

# सहकारी बैंक में लंबी कतार,ग्राहकों को करना पड़ रहा घंटों इंतजार

- संवाददाता -
बिश्रामपुर,25 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।



हर साल की भांति इस साल भी धान की बिक्री के बाद सहकारी बैंक से रुपए लेनदेन के लिए उपभोक्ताओं की लंबी कतार लग रही है। उपभोक्ताओं को कई घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। सुबह से लाइन लगने के बाद भी किसानों को उनकी धान की राशि उपलब्ध नहीं हो पाती। सहकारी बैंक बिश्रामपुर के अंतर्गत लगभग सैकड़ो ग्राम पंचायत के किसानों का लेनदेन इसी बैंक से होता है।

किसने की संख्या ज्यादा होने के कारण किसानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से निपटने के लिए किसानों ने जिला प्रशासन एवं क्षेत्रीय विधायकों को इस समस्या से अवगत कराया और बताया की एक और सहकारी बैंक की आवश्यकता है। ताकि किसानों को हो रही परेशानियों का उचित समाधान किया जा सके।

#### इसके बाद बैंक में काउंटर बढ़ाने को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है

जिले में धान की बंपर खरीदी हो रही है। किसान धान बेचने के बाद राशि के लिए बैंक पहुंच रहे हैं, लेकिन बैंक में अव्यवस्था के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। प्रत्येक दिन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा बिश्रामपुर के बाहर सुबह से उपभोक्ताओं की लंबी कतार लग रही है। रुपए लेनदेन के लिए उपभोक्ताओं को कई घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा। बैंक में भीड़ के बाद अतिरिक्त काउंटर बढ़ाने को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।किसानों ने बताया कि प्रबंधन की ओर से अलग-अलग समिति केंद्रों में पंजीयन के अनुसार सप्ताह में दिन निर्धारित किया गया है।

सप्ताह में एक दिन रुपए लेनदेन की सुविधा है।और साथ ही किसान को मात्र 20 हजार तक ही एक दिन में पैसा दिया जाता है जिससे किसान कई दिनों तक अपना पूरा पैसा लेने के लिए बैंक के चक्कर लगाने पड़ते है। इसमें भीड़ की वजह से कई दिनों और घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। बावजूद इसके काउंटर बढ़ाने को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

#### पार्किंग व्यवस्था नहीं

बिश्रामपुर शाखा में वाहन पार्किंग की सुविधा नहीं है। उपभोक्तो को गाड़ियां सड़क पर खड़ी करनी पड़ रही है। इस कारण बाजार का मुख्य मार्ग और लाल मैदान के सामने सड़क पर गाड़ियां खड़ी की जाती है। मार्ग संकरा होने की वजह से जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।50 से 60 किलोमीटर दूर से पहुंचते हैं उपभोक्ताविश्रामपुर शाखा में कई ऐसे उपभोक्ता हैं, जो मुख्यालय से लगभग 50 से 60 किलोमीटर की दूर ग्रामीण व वनांचल क्षेत्र से रुपए लेनदेन के लिए पहुंचते हैं। इस दौरान विलंब होने से उनकी परेशानी बढ़ जाती है।

गणतंत्र दिवस समारोह 2024

# प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े करेंगी ध्वजारोहण



#### सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभागीय झांकियां भी होंगी प्रस्तुत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

75वें गणतंत्र दिवस का गरिमामय आयोजन आज जिले के अम्बिकापुर स्थित पी.जी. कॉलेज मैदान में होगा। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरगुजा जिले में छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण, 9.02 से 9.05 बजे ध्वज सलामी एवं राष्ट्रगान, 9:05 बजे परेड कमाण्डर द्वारा परेड रिपोर्टिंग पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जाएगा। प्रातः 9.15 बजे हर्ष फायर, 9:23 बजे मार्च पास्ट एवं परेड, 9:35 बजे पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। 10:05 बजे गुब्बारा उड्डयन, 10:07 पर परेड निष्क्रमण, 10:12 पर शहीद के परिजन का सम्मान एवं फ़ोटो सेशन होगा। ततपश्चात 10:22 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10:50 को विभागीय झांकियों का प्रदर्शन, 11:20 को सम्मान एवं पुरस्कार का वितरण एवं 11:28 बजे आभार प्रदर्शन के बाद कार्यक्रम का समापन होगा।

# 36 वीं राष्ट्रीय जुनियर नेटबाल के लिए सुलेखा टोप्पो का चयन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा जिला नेटबाल संघ की ओर से सुलेखा टोप्पो का चयन 36वीं राष्ट्रीय जुनियर नेटबाल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता खरगोन मध्य प्रदेश में 25 से 28 जनवरी तक खेला जाएगा। सुलेखा टोप्पो इससे पूर्व सब जुनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता खेल चुकी है।



वह एक गरीब परिवार की बच्ची है, पिता पहले सब्जी बेचते थे और अब एक फोटो कॉपी दुकान पर काम करते हैं। कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सुलेखा टोप्पो बचपन से ही गांधी स्टेडियम, बास्केटबाल ग्राउंड में अभ्यास करती है साथ ही नये खिलाड़ी तैयार करने में सहायक कोच का भी काम करती है।

# शराबी कलयुगी बेटा ने डंडे से वार कर पिता को उतारा मौत के घाट

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।




ग्राम भैंसामुंडा में एक युवक ने मंगलवार की रात को शराब के नशे में डंडे से पिता के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे वृद्ध पिता गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पिता को मारने के बाद बेटा गणेश मोड़ पुलिस चौकी पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस को दी। इधर परिजन खून से लतपथ वृद्ध को इलाज के लिए बलरामपुर अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार भगवती इ्क्षसह उम्र 65 वर्ष ग्राम भैंसामुंडा पुलिस चौकी गणेश मोड़ जिला बलरामपुर का रहने वाला था। इसका बेटा सरहुल इ्क्षसह मंगलवार की शाम को शराब के नशे में घर आया और अपने पिता भगवती सिंह के साथ किसी बात को लेकर विवाद करने लगा। गुस्से में आकर बेटा ने डंडे से पिता के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के दौरान अन्य परिजन दूसरे घर में थे। इससे पता नहीं चला। इधर पिता को मारने के बाद आरोपी वहां से भाग कर गणेश मोड़ पुलिस चौकी पहुंच गया। और मामले की जानकारी पुलिस को दी। इधर परिजन गंभीर रूप से जख्मी पिता को इलाज के लिए बाइक से किसी तरह महराजगंज अस्पताल ले गए। यहां इलाज नहीं हो पाने के कारण परिजन उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# सड़क हादसे में घायल बाइक सवार युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

ग्राम कोटगना के पास बुधवार की शाम को एक बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार संगु हसदा पिता स्व. बाबूलाल हसदा उम्र 24 वर्ष राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ठरकी का रहने वाला था। वह बुधवार की दोपहर बाइक से ग्राम भदार जा रहा था। रास्ते में ग्राम कोटगहना के पास बाइक अनियंत्रित हो गई। इससे वह सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।




# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।




गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सुखरी में बुधवार की रात ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महेश राजवाड़े पिता सतीश राजवाड़े उम्र 25 वर्ष गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सुखरी का रहने वाला था। वह बुधवार की रात को बाइक से अपने पुराने घर काला पारा गया था। वहां से रात को वापस लौट रहा था। ग्राम सुखरी में ही ट्रैक्टर बाइक को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# राज्य और देश के सर्वांगीण उन्नति के लिए हमारा हमारा कर्तव्य है मतदान

**» राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम, स्वीप में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ एवं स्काउट गाइड को किया गया सम्मानित**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।





14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरगुजा राम कुमार तिवारी के मुख्य आतिथ्य एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर संदीपन की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार, जिला साक्षर अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी गिरीश गुप्ता, जिला आईकन संजय सुरीला, वंदना दत्ता, तमन्ना जायसवाल,रीता अग्रवाल, डॉ. नीरज वर्मा एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्कूली छात्रों ने मतदाता जागरूकता को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। वहीं सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुति दी गई। साथ ही जिले में विधानसभा निर्वाचन के दौरान संचालित स्वीप गतिविधियों का फोटो प्रदर्शनी प्रस्तुत किया गया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम कुमार तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र की नींव मतदान पर ही रखी जाती है। इस प्रणाली पर आधारित समाज व शासन की स्थापना के लिए मतदान करना आवश्यक है। प्रत्येक मतदाता को बिना किसी भेदभाव, भयरहित होकर मताधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। राज्य और देश के सर्वांगीण उन्नति के लिए हमारा वोट हमारा कर्तव्य है।

इस दौरान कलेक्टर नवीन मतदाताओं को बताया कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए एक एक वोट महत्वपूर्ण है। हमारा वोट हमारी ताकत है। इस ताकत का इस्तेमाल कर आप अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव करते हैं। इसलिए सशक्त, सतर्क और सुरक्षित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

इस दौरान छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग की ओर मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत घर-घर जाकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सहायता राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं स्वीप गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए निजी महा विद्यालय के प्राचार्य, स्काउट गाइड और जिला आईकन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भयमुक्त होकर निष्पक्ष मतदान हेतु मतदाता शपथ भी ली गई। नवीन मतदातों को ईपिक कार्ड का वितरण किया गया।

#### इन्हें किया गया पुरस्कृत

बीएलओ पुरस्कार-आशा सिंह, उर्मिला तिर्की,कमला भगत,नव मतदाताओं को इपिक कार्ड का वितरण करने के लिए लक्की मिश्रा, रोहित तिवारी, संगीता मानिकपुरी, युराज राजवाड़े एवं गौतम दास को पुरस्कृत किया गया। नोडल प्रध्यापक सम्मान प्रोत्साहन करने में लिए पूजा दुबे, सहायक प्रध्यापक संत हरकेवल महाविद्यालय और रानी रजत, सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय को पुरस्कृत किया गया।

CMYK

# आपके पड़ोसी जिले के स्वास्थ्य महकमें में जारी है आपसी रंजिश स्वास्थ्य मंत्री जी



### जिला चिकित्सालय कोरिया में पदस्थ डॉक्टर सीएमचओ और डीपीएम के खिलाफ हुए लामबंद,मंत्री को भेजा हस्ताक्षरयुक्त पत्र


## संविदा डीपीएम की कार्यशैली भी चर्चा का विषय,पूरा स्वास्थ्य विभाग है परेशान

## खुद को स्वास्थ्य मंत्री का रिश्तेदार बतलाकर महकमे को दबाने की कोशिश

### सीएमएचओ नही संभाल पा रहे जिम्मेदारी,संविदा डीपीएम बना खिलाड़ी

पूर्व में प्रभारी सीएमएचओ रहे डॉ. रामेश्वर शर्मा को हटाये जाने के बाद नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.आरएस सेंगर को प्रभारी सीएमएचओ बनाया गया है,नेत्र रोग को अहम जिम्मेदारी दिये जाने से वैसे भी नेत्र रोगी परेशान हैं उन्हे जिला चिकित्सालय में ईलाज की व्यवस्था नही मिल पा रही है जिससे कि मजबूरीवश मरीज उनके निजी अस्पताल में ईलाज करा रहे हैं। बतलाया जाता है कि प्रभारी सीएमएचओ डॉ. सेंगर में प्रशासनिक क्षमता का अभाव है जिससे कि विभाग की व्यवस्था चरमरा गई है। उनकी स्थिति को देखते हुए संविदा डीपीएम डॉ. प्रिंस जायसवाल इन दिनों पर्दे के पीछे से सीएमएचओ की भूमिका निभा रहे हैं। विगत दिनो स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने भी जिला चिकित्सालय समेत निर्माणाधीन नये जिला चिकित्सालय भवन का निरीक्षण किया था उस दौरान भी संविदा डीपीएम का हावभाव अपने अधिकार और कर्तव्य से बढा हुआ दिखलाइ दे रहा था। बतलाया जाता है कि डॉ. प्रिंस जायसवाल द्वारा खुद को मंत्री का रिश्तेदार बतलाकर डॉक्टरों और अन्य स्टाफ का मनोबल गिराया जा रहा है,जिससे कि स्वास्थ्य अमले में आक्रोश व्याप्त है।

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,25 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
प्रदेश की विष्णुदेव सरकार में मनेंद्रगढ से विधायक निर्वाचित श्यामबिहारी जायसवाल को स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया है उनके मंत्री बनने के बाद से ही उनके समाज विशेष के लोग जो कि स्वास्थ्य विभाग में तैनात हैं उनके द्वारा खुद को मंत्री का रिश्तेदार बतलाकर अन्य अमले को दबाने की कोशिश की जा रही है,समाज से जुड़े लोग खुद को सबसे आगे रख रहे हैं, तो वहीं मंत्री के पड़ोसी जिले कोरिया में अब अलग ही रूप देखने को मिल रहा है यहां का स्वास्थ्य अमला खुद को मंत्री का रिश्तेदार बतलाने वाले


प्रति,
माननीय मंत्री जी
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (छ0ग0)
विषय :- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी (DPM) जिला कोरिया छ0ग0 को पदमुक्त किये जाने बावत्।
महोदय,
विषयांतर्गत लेख है कि वर्तमान में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला कोरिया छ0ग0 की कार्यशैली से जिला कोरिया की स्वास्थ्य विभाग की गरिमा धूमिल हो रही है। विदित हो कि :-
01. सिविल सर्जन के विरूद्ध संविदा कर्मचारी (DPM) के द्वारा जाँच करवाया जा रहा है जो निंदनीय है।
02. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के लिपिको को जिला अस्पताल भेजकर सिविल सर्जन कार्यालय के कार्यो में व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है, साथ ही जीवनदीप समिति का खाता लगभग एक माह से सील कर दिया गया है, जिसके कारण जिला अस्पताल की व्यवस्था चरमरा सी गई है।
03. उक्त दोनो के द्वारा स्थानीय समाचार पत्रो के माध्यम से जिला चिकित्सालय की छवि को धूमिल किया जा रहा है महोदय को ज्ञात हो कि वर्ष 2022-23 में जिला चिकित्सालय के लगभग 100925 ओ0पी0डी0 एवं 15977 आई0पी0डी0 के मरीजो का उपचार किया जा चुका है। जो कि राज्य में द्वितीय या तृतीय स्थान को आता है। इसके उपरांत भी इन दोनों के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को यह संदेश दिया जा रहा है कि जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में किसी भी तरह का कार्य नही किया जा रहा है।
04. जिला अस्पताल के समस्त चिकित्सक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी जिला कोरिया छ0ग0 के कार्यशैली से संतुष्ट नही है।
05. प्रायः सिविल सर्जन के अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप किया जाता है।
अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी जिला कोरिया छ0ग0 के कार्यशैली को देखते हुये पदमुक्त किये जाने की कृपा करें।
संलग्न :- समस्त चिकित्सको की सूची।
प्रार्थीगण

संविदा डीपीएम की कार्यशैली से परेशान है,परेशान होकर जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों ने भी हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन स्वास्थ्य मंत्री को प्रेषित किया है,कोरिया जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से भी डॉक्टर वर्ग परेशान है। विभाग में खुली लड़ाई चल रही है,वर्चस्व की लड़ाई भी अब सामने आने लगी है। स्थिति देखकर कहा जा सकता है कि मंत्री के पड़ोसी जिले में स्वास्थ्य सुविधा वेंटिलेटर पर है और डॉक्टर खुद इन दिनों मुसीबत में हैं। घटती घटना के हाथ ऐसा ही एक पत्र मिला है जिसमें डॉक्टर और सीएमएचओ, डीपीएम से लड़ाई स्पष्ट हो रही है।

### स्वास्थ्य मंत्री को भेजा गया हस्ताक्षरयुक्त पत्र

घटती-घटना अखबार को जो पत्र प्राप्त हुआ है उसके अनुसार उल्लेखित है कि वर्तमान में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला कोरिया की कार्यशैली से जिला कोरिया के स्वास्थ्य विभाग की गरिमा धूमिल हो रही है। विदित हो कि सिविल सर्जन के विरूद्ध संविदा कर्मचारी डीपीएम के द्वारा जांच करवाया जा रहा है जो निंदनीय है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के लिपिकों को जिला अस्पताल भेजकर सिविल सर्जन कार्यालय के कार्यों में व्यवधान उत्पन्न किय जा रहा है साथ ही जीवनदीप समिति का खाता लगभग एक माह से सील कर दिया गया है, जिसके कारण जिला अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गई है। उक्त दोनो के द्वारा स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से जिला चिकित्सालय की छवि को धूमिल किया जा रहा है, ज्ञात हो कि 2022-23 में जिला चिकित्सालय के लगभग 100925 ओपीडी एवं 15977 आईपीडी के मरीजों का उपचार किया जा चुका है जो कि राज्य में द्वितीय या तृतीय स्थान को आता है। इसके उपरांत भी इन दिनों के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को यह संदेश दिया जा रहा है कि जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में किसी भी तरह का कार्य नही किया जा रहा है। जिला अस्पताल के समस्त चिकित्सक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी जिला कोरिया के कार्यशैली से संतुष्ट नही हैं प्रायःसिविल सर्जन के अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप किया जाता है। उक्त आरोप लगाते हुए जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टरों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सेंगर एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रिंस जायसवाल को पदमुक्त करने की मांग स्वास्थ्य मंत्री से की है। विश्वस्त सूत्रो का कहना है कि कार्यवाही ना होने की दशा में डॉक्टर हड़ताल पर भी जा सकते हैं।

### कलेक्टर कोरिया का खास है डॉ. प्रिंस,इसलिए भी हौसले बुलंद

डॉ. प्रिंस जायसवाल स्वास्थ्य विभाग में एक चर्चित चेहरा है, उसका कार्य केवल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यो की देखरेख एवं उनका संचालन करना है लेकिन जिला चिकित्सालय से लेकर सीएमएचओ कार्यालय के हर कार्यों में उसका हस्तक्षेप बतलाया जाता है, विभाग में कौन कर्मचारी कौन सा कार्य देखेगा यह भी डॉ. प्रिंस के हस्तक्षेप से किया जा रहा है,सूत्र बतलाते हैं कि वर्तमान सीएमएचओ उसके ईशारे पर नाचते फिरते हैं। अपने बड़बोले पन में माहिर डॉ. प्रिंस द्वारा कलेक्टर कोरिया से भी नजदीकी बना ली गई है जिससे कि उसके हौसले और बुलंद हैं। हर जगह उसकी मौजूदगी और जबरन हस्तक्षेप से अब विभाग में अव्यवस्था देखी जा रही है।

### करोड़ो की सिटी स्केन मशीन की खरीदी भी डॉ. प्रिंसके सलाह पर

गत वर्ष एसईसीएल द्वारा जिला चिकित्सालय को सीटी स्केन मशीन उपलब्ध कराई गई है, बतलाया जाता है कि उक्त मशीन अपने वास्तविक कीमत से लगभग दोगुने दर पर खरीदी गई है, उस दौरान यह जानकारी लगी थी कि मशीन की खरीदी में डॉ. प्रिंस जायसवाल की मुख्य भूमिका है। आवाज उठी और हमेशा की तरह दब भी गई और यह सुनने को मिला कि कलेक्टर कोरिया के द्वारा डॉ. प्रिंस को पूरा समर्थन के कारण इसकी आगे जांच नही की जा सकी उल्टे खबर प्रशासन पर सीएमएचओ ने जबरन सफाई पेश कर मामले पर पर्दा डालने की कोशिश की थी।

## लटोरी के पंचायत भवन में बालिका दिवस का हुआ आयोजन



-संवाददाता-
सूरजपुर,25 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
आज पंचायत लटोरी के पंचायत भवन में बालिका दिवस का आयोजन किया गया जिसमें बालिकाओं को चंदन का टीका लगाकर सम्मानित किया गया बालिकाओं को मेहंदी, रंगोली ,कुर्सी दौड़, फुगा फोड़ एवं 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। प्रथम, द्वितीय ,तृतीय आये हुए प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया साथ में बालिका दिवस के उद्देश्यों पोषण, स्वास्थ्य शिक्षा एवं बालिकाओं से संबंधित योजना के बारे में जानकारी दी गई।

## रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के चलते प्रशासन ने यातायात के लिए बताया वैकल्पिक मार्ग

-संवाददाता-
सूरजपुर,25 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
करंजी विश्रामपुर रेलखण्ड पर रेल्वे ओवर ब्रीज निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। जिसके कारण इस मार्ग में 06 माह के लिये यातायात बाधित रहेगा। इसके वैकल्पिक मार्ग के तौर पर विश्रामपुर से भटगॉव मार्ग के मध्य ग्राम रामनगर से ग्राम खरसुरा होते हुए ग्राम दतिमा से होकर दतिमा मोड में जोड़ा गया है। इस मार्ग पर परिचालन के दृष्टिकोण से यातायात संबंधित कोई भी बाधा उत्पन्न नहीं होगी। आम नागरिक इस मार्ग का उपयोग कर आसानी से आवागमन कर सकतें है।

## शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस का हुआ आयोजन



-संवाददाता-
सूरजपुर,25 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता के साथ बालिका दिवस का उद्देश्य, महत्व तथा बालिकाओं से संबंधित योजनाओं एवं कानून की जानकारी दी गई।



## बालको थाना प्रभारी नितिन ने छेरछेरा पर बच्चों को उपहार देते हुए आने वाले परीक्षा को लेकर बढ़ाया हौसला

### प्रदेश में छत्तीसगढ़ का लोक पर्व छेरछेरा

-संवाददाता-
कोरबा,25 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। कोरबा में भी ग्रामीण क्षेत्र के साथ शहरी क्षेत्र में भी सुबह से ही छोटे-छोटे बच्चे गली मोहल्ले में घर-घर दस्तक दे रहे हैं और छेरछेरा मांग रहे हैं। इस पर्व में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए । इसी कड़ी में सुबह बालको थाना प्रभारी नितिन उपाध्याय थाने परिसर में मौजूद, तब हाथों में थैला लिए 10- 12 बच्चे बेझिझक होकर सीधे थानेदार के पास छेरछेरा मांगने पहुंच गए। बच्चों की आवाज सुनकर थानेदार भी गदगद हो गए और इस लोक पर्व पर बच्चों को पहले उन्होंने बधाई दी और उन्हें चॉकलेट बिस्किट मंगा कर बच्चों को बांटा फिर बच्चों को लिखाई-पढ़ाई करने और आगे बढ़ने की सीख देते हुए बच्चों को उपहार के रूप में पेन-पेंसिल दिए। थाना प्रभारी नितिन के हाथों से छेरछेरा पाकर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई और बच्चे थानेदार के इस छेरछेरा से भारी खुश नजर आए ।

## कोरबा में स्वयंसेवकों द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान का एक महत्वपूर्ण पहल




-संवाददाता-
कोरबा,25 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
कोरबा ज़िले में स्थानीय स्वयंसेवकों ने 15 जनवरी 2024 से 14 फरवरी 2024 तक आयोजित किए गए सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान एक महत्वपूर्ण पहल की। इस अभियान के उपलक्ष्य में स्वयंसेवकों ने यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार के लिए रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने यूनिसेफ और वी द पीपल फाउंडेशन के साथ मिलकर भाग लिया।
कोरबा के ज़िला प्रशासन, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर और रॉबिंसन (मुख्य पुलिस अधीक्षक) दर्री के आदेशानुसार इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने पहिले जागरूकता रैली निकाली और पोस्टर, मेगाफ़ोन का उपयोग कर के नारे लगाये, यातायात नियमों का प्रचार वाहन और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया। यह पहल हमारे समाज में यातायात नियमों के बारे में व्यवहारिक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण साबित हुई।
इस कार्यक्रम में भारत स्काऊट्स एंड गाइड , एनसीसी के सभी स्वयंसेवकों ने और पुलिस विभाग ने भी भाग लिया। इस रैली में 400 से भी अधिक लोगों से सहभाग लिया। कार्यक्रम के दौरान भारत स्काउट एंड गाइड्स के दिगंबर कौशिक, उत्तरा मणिपुरी (डीओसी), अनंत राम पैकर, साहू जी, उप निरीक्षक यातायात पुलिस मनोज राठौड़, मोहम्मद जुनून आलम, आकाश चतुर्वेदी (गांधी फेलो) सहित सभी ने मिलकर सहयोग प्रदान किया।
इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक़ शेख़, रॉबिंसन (मुख्य पुलिस अधीक्षक) दर्री और यूनिसेफ़ के तरफ से जिला सलाहकार प्रथमेश मानेकर ने आवश्यक रूपरेखा तैयार कर सहयोग प्रदान किया। साथ ही, जागरूकता कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ वी द पिपल (छ्त्ङ्खञ्क) फाउन्डेशन ने भी सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भारत स्काऊट एंड गाइड्स, एनसीसी स्वयंसेवकों और कोरबा पुलिस विभाग का अभूतपूर्व योगदान दिया।

## आबकारी विभाग के द्वारा सिरसी में किया गया शराब जब्ती

-संवाददाता-
सूरजपुर,25 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
सिरसी के कैलाश गुप्ता पर अवैध शराब को लेकर आबकारी विभाग के द्वारा कार्यवाही की गई जिसके अंतर्गत 780 एमएल विदेशी मदिरा व्हिस्की, 1 लीटर महुआ शराब और 15 किलो महुआ लहान की जब्ती कर सिरसी थाना सूरजपुर में सुर्पुद किया गया। इसके साथ ही अपराधी के विरूद्ध धारा 34(1)क, ख, च के तहत विधिवत प्रकरण भी स्थापित किया गया।



## 31 जनवरी को रायपुर में दिव्यांगों के लिए विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु रोजगार मेला

-संवाददाता-
सूरजपुर,25 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर के उपसंचालक डॉ. शशीकला अतुलकर द्वारा अवगत कराया गया है कि दिव्यांगजनों के लिए रोजगार मेले का आयोजन 31 जनवरी 2024 को प्रातः 10:30 बजे से विशेष रोजगार कार्यालय (दिव्यांगजनों के नियोजन हेतु) राजभवन के बाजू में सिविल लाइन्स रायपुर में आयोजन किया जा रहा है। शिविर में बालाजी फाइनेंस एंड कंसल्टेंसी रायपुर, टीएसएलटी मंडी प्राइवेट लिमिटेड, स्केयर फूड एंड बेवरेजेस प्रा. लि. रायपुर एवं डॉ. रेडीस फाउंडेशन, अम्बुजा मॉल, सिटी सेंटर मॉल,करेंसी टॉवर, कलर्स मॉल रायपुर के नियोजक भाग लेंगे। रोजगार मेले में दिव्यांगजनों में से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर,क्लर्क, सुपरवाइजर, भृत्य,असिस्टेंट, सेल्स मेन, हेल्पर,फील्ड मार्केटिंग, फील्ड एक्सेक्यूटिव,डिलीवरी एक्सेक्यूटिव रिसेप्शनिस्ट एवं सेल्स एग्जीक्यूटिव पदों पर साक्षात्कार लिया जाएगा। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 08 वीं उत्तीर्ण से स्नातक व उससे अधिक योग्यताधारी इस मेले में भाग ले सकते है। मेले में आवेदक को स्वयं के व्यय पर उपस्थित होना है, कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा। रहने एवं खानपान की व्यवस्था भी आवेदक को स्वयं करनी है। मेले में आवेदक को जिला रोजगार कार्यालय पंजीयन कार्ड, जिला चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र शिक्षा एवं आयु से संबंधित प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर जाति प्रमाण-पत्र,(यदि आरक्षित श्रेणी से है) तथा पासपोर्ट आकार के 2 फोटो लाना अनिवार्य है। कार्यस्थल रायगढ़ एवं रायपुर रहेगा। इसके अतिरिक्त अनुभवी दिव्यांगजनों के लिए 1 से 5 वर्ष के अनुभव के आधार पर भी रिक्तियों की पूर्ति मेले में की जायेगी। अनुभव प्रमाण-पत्र साथ में लाना अनिवार्य है।

**कार्यालय नोडल अधिकारी, शास0 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजपुर (अजजा), जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)**
VIL.KARJI Near NH-343, BLOCK-RAJPUR, PINCODE-497118,
CONTACT NO.+919826290071, Email-itirjpr@rediffmail.com
क्रमॉंक-औप्रसं-राजपुर/स्थाप-प्र/मे.प्र./2024/07/राजपुर दिनांक :-24/01/2024

**भर्ती सूचना**

शास0 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजपुर (अजजा), जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0) के नोडल क्षेत्रान्तर्गत् निम्नांकित शास0 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में मेहमान प्रवक्ता (Guest Lecturer) पद हेतु निम्नानुसार व्यवसाय में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। योग्य एवं निर्धारित अर्हताएँ रखने वाल इच्छुक अभ्यर्थी शास0 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजपुर (अजजा),ग्राम+पोष्ट-करजी,-Near NH-343 थाना+तहसील-राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0), पिनकोड-497118 में निर्धारित प्रारूप में स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 08/02/2024 सायं 05:00 बजे तक जमा कर सकते हैं या https://balrampur.gov.in के वेबसाईट से डाऊनलोड कर सकते हैं :-

| क्र0 | शास0 औप्रस0 का नाम | व्यवसाय/विषय |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | शास0औप्रसं0 राजपुर(अजजा) | स्टेनोग्राफर एन्ड सेक्रेट्रियल असिस्टेन्ट (हिन्दी)-01, वर्क शॉप कैल्क्यूलेशन एन्ड साईन्स/इंजीनियरिन्ग ड्रॉईन्ग-01 |
| 2 | शास0 औप्रसं0 बलरामपुर | कम्प्यूटर ऑपरेटर एन्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेन्ट-01 |
| 3 | शास0 औप्रसं0 कुसमी | स्टेनोग्राफर एन्ड सेक्रेट्रियल असिस्टेन्ट (हिन्दी)-01, वर्क शॉप कैल्क्यूलेशन एन्ड साईन्स/इंजीनियरिन्ग ड्रॉईन्ग-01 फीटर-01, वेल्डर-01 |
| 4 | शास0 औप्रसं0 सामरी | कम्प्यूटर ऑपरेटर एन्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेन्ट-01 |
| 5 | शास0 औप्रसं0 रामचन्द्रपुर | वर्क शॉप के ल्क्यूलेशन एन्ड साईन्स/इंजीनियरिन्ग ड्रॉईन्ग-01 |
| 6 | शास0 औप्रसं0 रामानुजगंज | वर्क शॉप के ल्क्यूलेशन एन्ड साईन्स/इंजीनियरिन्ग ड्रॉईन्ग-01, मैकेनिक डीजल-01 |
| कुल रिक्त पद | | 11 (ग्यारह) |

जी नंबर-07328/1
नोडल अधिकारी
शास0 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रापुर
जिला-बलरामपुर-रामा.(छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**
रा0प0क्र0-/ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश गाईन आ0 स्व0 धीरेन्द्र गाईन निवासी ग्राम सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नंबर 266/6 रकबा 0.088 हे0 मे से रकबा 0.040 हे0 भूमि को अनावेदक गया प्रसाद आ0 रामअवतार साह निवासी गणेशपुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 के पास अंकन राषि रूपये 6,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।
उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 09/02/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माधयम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 11/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।
सील
तहसीलदार
अम्बिकापुर सरगुजा

# अब शराब से 11000 करोड़ कमाएगी छत्तीसगढ़ सरकार

» चुनावी वादों को पूरा करने खाली खजाना भरने की तैयारी

**रायपुर,25 जनवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र अगले महीने 5 फरवरी से शुरु होने जा रहा है, जिसकी अधिसूचना विधानसभा सचिवालय से जारी की जा चुकी है। लेकिन, बजट सत्र से पहले प्रदेश सरकार अपने खाली खजाने को भरने के लिए पुराने सिस्टम पर चलने की तैयारी में दिख रही है। आने वाले वित्तीय वर्ष 2024 में प्रदेश सरकार ने केवल शराब बिक्री से लगभग 11000 करोड़ रुपए की कमाई करने की तैयारी कर ली है।

### सरकार ने बिक्री का लक्ष्य 60 प्रतिशत बढ़ाया

हालांकि बुधवार को सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में इस साल नई शराब दुकान नहीं खोलने का फैसला लिया गया है मगर इस वर्ष सरकार ने शराब बिक्री का लक्ष्य लगभग 60 प्रतिशत बढ़ा दिया है।

सूत्रों की मानें तो नई नीति का कुछ दिन पहले ही प्रेजेंटेशन हुआ था, जिसमें शराब बिक्री से सरकार को होने वाली कमाई कैसे बढ़े, इसकी चर्चा की गई। आंकड़ों के मुताबिक पिछले वर्ष शराब ब्रिकी का लक्ष्य 6700 करोड़ था जिसे बढ़ाकर इस साल के अंत तक 8300 करोड़ कर दिया गया है। हालांकि आबकारी विभाग इस लक्ष्य की संभावित पूर्ति 8100 करोड़ मानकर चल रहा है।

### इस तरह बढ़ाई जाएगी कमाई

दरअसल पूर्व की डॉ रमन सिंह की सरकार ने शराब की दुकानें खुद चलाने की जो नीति बनाई थी,उसमें कांग्रेस की सरकार ने फेरबदल किया और एफएल-10 लाइसेंस का सिस्टम लागू कर दिया। बताया जा रहा है कि भाजपा की वर्तमान सरकार इस सिस्टम में फेरबदल करेगी।

### क्या है एफएल-10 लाइसेंस?

एफएल-10 लाइसेंस प्राप्त कंपनियां बाजार से शराब खरीद कर सरकार को सप्लाई करती हैं। इस खरीदी के अलावा भंडारण और ट्रांसपोर्टेशन का भी काम का अधिकार इस लाइसेंस के तहत कंपनी को मिलता है। बता दें कि पहले बाजार से शराब खरीदने की जिम्मेदारी बेवरेज कॉर्पोरेशन ऑफ छत्तीसगढ़



के पास थी। मगर मार्च 2020 में इस संस्था से शराब क्रय करने के सारे अधिकार 3 प्राइवेट संस्था को दे दिए गए थे। यानी कि प्राइवेट कंपनी ही बाजार से शराब खरीद सकेगी। भंडारण और ट्रांसपोर्टेशन का काम बेवरेज कॉर्पोरेशन ऑफ छत्तीसगढ़ करेगी। एक बड़े भ्रष्टाचार की शुरूआत यहीं से हुई थी। सूत्र बताते हैं कि अब इस सिस्टम को बंद करते हुए ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन को सीधे शराब खरीदकर आबकारी विभाग को दिए जाने का नियम लागू किये जाने पर विचार किया जा रहा है, इससे शराब के व्यवसाय से होने वाली आय का बड़ा हिस्सा सरकार के अपने ही ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन के खाते में आ जायेगा। इस तरीके से सरकार की आय और बढ़ जाएगी।

### विपक्ष के हमले से बचने में जुटी मौजूदा सरकार

बता दें कि भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली पिछली कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल में सुर्खियों में आए कथित शराब घोटाले को लेकर बीजेपी विधानसभा चुनाव में हमलावर रही थी। इसके चलते नई सरकार ऐसा कोई कदम उठाने से बच रही है जिससे शराब बिक्री से होने वाली मोटी कमाई के आरोप से विपक्ष के हमले से बच सके।

इसी वजह से विष्णुदेव सरकार ने कैबिनेट बैठक में इस बार कोई नई शराब दुकाने नहीं खोलने का फैसला लिया है। दरअसल नई सरकार के सामने विधानसभा चुनाव के दौरान जनता से किए गए मोदी गारंटी को पूरा करने की चुनौती है और सरकार का खजाना खाली है। इस खजाने की पूर्ति के लिए शराब बिक्री से होने वाली कमाई उसके लिए संजीवनी का काम कर सकती है। साथ ही विपक्ष को चुप कराने के लिए ये कहा जा सकता है कि शराब बिक्री की जो नीतियां लागू हैं वो पिछली सरकार के समय से लागू हैं।

# गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रदेश के 39 पुलिसकर्मियों को मिलेगा वीरता पुरस्कार

**विशिष्ट सेवा और सराहनीय सेवा पदक से किया जाएगा सम्मानित**




**रायपुर,25 जनवरी 2024(ए)।** गणतंत्र दिवस 2024 को लेकर लगभग तैयारी पूरी कर ली गई है। वहीं केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पुलिस पदक का ऐलान भी कर दिया है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ के पुलिस के 26 पुलिसकर्मियों को वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। इसमें 11 पुलिसकर्मी मरणोपरांत वीरता पदक से सम्मानित किए जाएंगे।

इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमित कुमार और नक्सल अभियान के लिए पुलिस उप महानिरीक्षक कन्हैया लाल ध्रुव को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा 11 पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने पदक से विभूषित सभी पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों शुभकामनाएं दी हैं।

### इन पुलिसकर्मियों को वीरता पदक से किया जाएगा सम्मानित

हेमंत कुमार पटेल, उप निरीक्षक, बलौदाबाजार, मालिक राम, निरीक्षक, कांकेर, सुक्कू राम नाम, सउनि, नारायणपुर, संतोष चंदन, प्रधान आरक्षक, नारायणपुर, साकेत कुमार बंजारे, उप निरीक्षक हाल निरीक्षक बीजापुर, भुवन सिंह बोरा, प्लाटून कमांडर हाल कंपनी कमांडर 21वीं वाहिनी, छसबल, बालोद, संजय पाल, उप निरीक्षक, बीजापुर, धरम सिंह तुलावी, उप निरीक्षक, बीजापुर, विरेन्द्र कंवर, उप निरीक्षक, बीजापुर, पतिराम पोड़ियामी, उप निरीक्षक, बीजापुर, दिलीप कुमार वासनिक, प्लाटून कमाण्डर, एसटीएफ, शहीद रमेश जुर्री, प्रधान आरक्षक, बीजापुर, शहीद रमेश कोरसा, आरक्षक, बीजापुर, शहीद सुभाष नायक, आरक्षक, बीजापुर, शहीद रामदास कोर्राम, आरक्षक, एसटीएफ, शहीद जगतराम कंवर, आरक्षक, एसटीएफ, शहीद सुख सिंह, आरक्षक, एसटीएफ, शहीद रमाशंकर सिंह, आरक्षक, एसटीएफ, शहीद शंकर नाग, आरक्षक, एसटीएफ, शहीद किशोर एण्ड्रिक, सहायक आरक्षक, बीजापुर, शहीद सनकूराम सोढ़ी, सहायक आरक्षक, बीजापुर, शहीद बोसाराम करटामी, सहायक आरक्षक, बीजापुर, धरम सिंह तुलावी, उप निरीक्षक, बीजापुर, शिव कुमार रामटेके, प्रधान आरक्षक, बीजापुर, छन्नू राम पोयाम, आरक्षक, बीजापुर, गौतम कोरसा, आरक्षक बीजापुर।

### इन्हे सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक

डी.आर. आंचला, सेनानी, 14वीं वाहिनी, छसबल, धनोरा, जिला बालोद, नेहा पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, येशेश्वरी येरेवार, उप पुलिस अधीक्षक, एसबी, रायपुर, टीकाराम कुर्रे, सहायक सेनानी, 22वीं वाहिनी, भीरागांव, कांकेर, महेश शुक्ला, एपीसी, 6वीं वाहिनी, छसबल, रायगढ़, जेम्स लकड़ा, कंपनी कमांडर, 2री वाहिनी, छसबल, सकरी-बिलासपुर, ओम प्रकाश साहू, उप निरीक्षक-अ, नवा रायपुर, उदय सिंह सिदार, प्रधान आरक्षक, 15वीं वाहिनी, बीजापुर, महेन्द्र कुमार पाठक, उप निरीक्षक, हाल जिला नारायणपुर, मनोज कुमार साहू, सहायक उप निरीक्षक, जिला बस्तर, देवी शरण सिंह, प्रधान आरक्षक, विआशा, नवा रायपुर।

# अपर कलेक्टर का तबादला,दो अफसरों को अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर,25 जनवरी 2024(ए)।** राज्य सरकार ने एक अपर कलेक्टर का तबादला किया है। वहीं दो अधिकारियों को अतिरक्त प्रभार सौंपा गया है। गुरूवार शाम जारी आदेश के अनुसार पोषण चंद्राकर विशेष सचिव,महिलाा एवं बाल विकास विभाग को प्रबंध संचालक,बीज निगम के पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं देवेंद्र भारद्वाज विशेष सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को विशेष सचिव वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए विशेष सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग एवं नियंत्रक नापतौल का अतिरक्ति प्रभार सौपा गया है। साथ ही श्रीमति विमला नावरिया,संयुक्त सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को संयुक्त सचिव,वेटनरी के पद पर पदस्थ करते हुए संयुक्त सचिव मतस्यपालन विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# महतारी वंदन योजना शुरू होने से पहले ही धोखाधड़ी हुई शुरू

### कलेक्टर्स और डीपीओ को पत्र जारी कर किया गया अलर्ट

**रायपुर,25 जनवरी 2024 (ए)।** प्रदेश में अभी महतारी वंदन योजना अभी शुरू ही नही हुई है और इसके नाम पर महिलाओं को धोखे में रख कर उनसे रूपये वसूलने का काम शुरू हो गया है। इसके संबंध में शिकायत मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक तुलिका प्रजापति ने समस्त जिलों के कलेक्टर और डीपीओ को पत्र जारी किया है। जिसमें ऐसे मामलों के सामने आने पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

### फर्जी फॉर्म छपवाकर भरवा रहे हैं दलाल

प्रदेश के कई जिलों में महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने के नाम पर भोले भाले लोगों से फार्म भरवाकर पैसे वसूले जा रहे है। कुछ स्थानों पर बकायदा महतारी वंदन योजना का फार्म प्रिंट करवाकर हितग्राहियों से फार्म के नाम पर पैसा लेने के साथ ही योजना का जल्दी लाभ दिलाने की बात कहकर पैसों की वसूली किये जाने की शिकायत सामने आ रही है। शहरी क्षेत्र में झुग्गी बस्तियों और दूर-दराज के इलाकों में दलाल फॉर्म भरवाकर महिलाओं से रूपये ऐंठ रहे हैं।




### सरगुजा जिले में हो चुकी है कार्रवाई..

ऐसे ही एक मामले में सरगुजा जिला प्रशासन कार्रवाई कर चुका है। दरअसल अंबिकापुर से लगे हुए दरिमा क्षेत्र में थाना क्षेत्र में आराध्या चॉइस सेंटर का संचालक शिव गुप्ता पिछले कुछ दिनों से महतारी वंदन योजना का फॉर्म पैसे लेकर भरवा रहा था। योजना के फॉर्म भरने की बात धीरे-धीरे आसपास के क्षेत्र में फैल गई. इसके बाद रोजाना काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं यहां पहुंचने लगीं। इसकी जानकारी प्रशासन को मिली। तब नायब तहसीलदार अंकिता पटेल की टीम मामले की जांच करने के लिए आराध्या चॉइस सेंटर पहुंची। वहां बड़ी संख्या में महिलाओं की भीड़ लगी थी, जो फॉर्म भरने आई थीं, मौके पर महतारी वंदन योजना के नाम पर सैकड़ों की संख्या में फॉर्म मिले। इसमें महिलाओं का फोटो लगा हुआ था और मोबाइल नंबर भी लिखा हुआ था। फॉर्म में ज्यादा कुछ जानकारी नहीं लिखी गई थी। तहसीलदार अंकिता पटेल ने चॉइस सेंटर के संचालक और महिलाओं का बयान लिया, महिलाओं ने बताया कि चॉइस सेंटर का संचालक 30-30 रुपए लेकर फॉर्म भरवा रहा है। इसके बाद मौके पर ही चॉइस सेंटर को सील कर दिया गया।

### जिलों को जारी किया गया पत्र

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के नाम पर आम लोगों के साथ धोखाधड़ी के ऐसे मामलों को महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक तुलिका प्रजापति ने गंभीरता से लिया है। उन्होने प्रदेश के सभी कलेक्टर और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को पत्र जारी कर ऐसे प्रकरण पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होने पत्र में उल्लेख किया है कि अभी महतारी वंदन योजना लागू नहीं की गई है और लागू किए जाने की प्रक्रिया निर्णयाधीन है। योजना लागू किए जाने की स्थिति में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विकसित किए गए वेब पोर्टल में विभाग के अमलों के माध्यम से ही निःशुल्क फार्म भरे जाएंगे और लाभ दिए जाने की कार्यवाही की जायेगी।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में किसान की बेटी का चमत्कार

» 1500 मीटर दौड़ में गोल्ड जीतकर इतिहास रच दिया

» मौजूदा समय में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 चल रहा है जिसमें 4 मिनट 29.22 सिकिंड के समय के साथ 1500 मीटर में खेलों के रिकॉर्ड को तोड़ने के बाद उत्साहित दुर्गा ने बड़ा बयान दिया

**चेन्नई,25 जनवरी 2024।** खेल के प्रति जुनूनी बच्चे के रूप में दुर्गा सिंह बिहार के गोपालगंज जिले के अपने सुदूर गांव बेलवा ठकुराई में खेतों के आसपास खुले स्थानों में दौड़ती थीं। कम खेल पृष्ठभूमि वाले क्षेत्र में दुर्गा के पिता शंभू शरण सिंह, एक गेहूं किसान और एकमात्र व्यक्ति थे जिन्होंने उन्हें खेल में अपना करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 4 मिनट 29.22 सिकंड के समय के साथ 1500 मीटर में खेलों के रिकॉर्ड को तोड़ने के बाद उत्साहित दुर्गा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, मैंने बहुत सारी चुनौतियों का सामना किया है। मेरे पिता के अलावा मेरे परिवार में खेल के प्रति कोई उत्सुकता नहीं थी। मेरे पिता हमेशा मुझे कहते थे, तुम जहां जाना चाहो जाओ, जो करना चाहो करो। केवल उन्होंने मेरा समर्थन किया, इसीलिए मैं यहां हूं। 10वीं क्लास की छात्र ने पिछले साल कोयंबटूर में 38वीं जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4 मिनट 38.29 सिकिंड का समय लेकर 1500 मीटर में स्वर्ण पदक जीता था।



5 भाई-बहनों में से चौथी दुर्गा बचपन में कबड्डी और फुटबॉल भी खेलती थीं, लेकिन उनके हीरो धावक थे। वह पीटी उषा और यूसेन बोल्ट की इतनी प्रशंसक थीं कि उन्होंने अपने कमरे में उनकी तस्वीरें प्रिंट और फ्रेम करवा रखी थीं। उनकी प्रतिभा को उनके स्कूल में ही पहचान लिया गया था। धीरे-धीरे, 17 वर्षीय इस स्टार को और भी अधिक नोटिस किया जाने लगा।

उन्होंने कोच राकेश सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेने के लिए पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का दौरा किया और उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इसके बाद पदकों के प्रति उनका नजरिया भी बदल गया। दुर्गा ने कहा, तब मुझे एहसास हुआ कि अगर आप पदक जीतते हैं तो आप अपना नाम बना सकते हैं। मैं और अधिक दृढ़ हो गयी और अधिक मेहनत करने लगी। अब मैं अपने देश को गौरवान्वित करना चाहती हूं।



# पुरूष हॉकी 5 एस विश्व कप के पहले मैच में भारत का सामना स्विटजरलैंड से

**मस्कट,25 जनवरी 2024।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम मस्कट में पहले एफआईएच हॉकी 5 विश्व कप में पूल बी में रविवार को स्विटजरलैंड के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। सिमरनजीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम का सामना रविवार को ही मिस्र से होगा। आखिरी ग्रुप मैच में टीम सोमवार को जमैका से खेलेगी।

पूल ए में नीदरलैंड, नाइजीरिया, पाकिस्तान और पोलैंड की टीमें हैं। पूल सी में आस्ट्रेलिया, कीनिया, न्यूजीलैंड और त्रिनिदाद एवं टोबैगो हैं जबकि पूल डी में फीजी, मलेशिया, ओमान और अमेरिका हैं। हर पूल से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। सेमीफाइनल भी उसी दिन होगा और फाइनल बुधवार को खेला जायेगा। भारत ने 2023 पुरूष एशियाई हॉकी 5 विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में पाकिस्तान को शूटआउट में हराया था।

भारतीय टीम के कप्तान तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीम में रहे सिमरनजीत सिंह हैं जबकि मनदीप मोर उपकप्तान हैं। सूरज करकेरा और प्रशांत कुमार गोलकीपर हैं। डिफेंस में मनदीप और मनजीत रहेंगे जबकि मिडफील्ड में मोहम्मद राहील मौसीन और मनिंदर सिंह जिम्मा संभालेंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में सिमरनजीत,पवन राजभर,गुरजोत सिंह और उत्तम सिंह होंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

# सीह-मर्टेंस की जोड़ी महिला युगल के फाइनल में पहुंची

**मेलबर्न,25 जनवरी 2024।** नंबर 2 वरीयता प्राप्त बेल्जियम - ताइपे जोड़ी सीह सू-वेई और एलीस मर्टेंस ने गुरुवार को नंबर 3 वरीयता प्राप्त चेक-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी स्टॉर्म हंटर और कैटरीना सिनियाकोवा के खिलाफ रोमांचक सेमीफाइनल में 7-5, 1-6, 6-3 से जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन महिला युगल फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। सीह और मर्टेंस को यहां मार्गरेट कोर्ट एरेना में डब्ल्यूटीए डबल्स वर्ल्ड नंबर 1 रैंकिंग रखने वाले चार खिलाड़ियों के एक रोमांचक मैच में हंटर और सिनियाकोवा को हराने में 2 घंटे और 35 मिनट का समय लगा।



मर्टेंस महिला युगल में अपने चौथे ग्रैंड स्लैम खिताब और ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने दूसरे ग्रैंड स्लैम खिताब से एक जीत दूर हैं। डब्ल्यूटीए के अनुसार, उन्होंने 2021 में डाउन अंडर खिताब जीतने के लिए आर्यना सबालेंका के साथ मिलकर काम किया।दूसरी ओर, सीह ने महिला युगल में छह ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं जिसमें पिछले साल के दो भी शामिल हैं लेकिन उन्हें अभी तक मेलबर्न में खिताब हासिल करना बाकी है। उनका सर्वश्रेष्ठ ऑस्ट्रेलियन ओपन परिणाम 2020 में बारबोरा स्ट्राइकोवा के साथ उपविजेता प्रदर्शन है। सीह और मर्टेंस का सामना या तो नंबर 11 वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला किचेनोक और जेलेना ओस्टापेंको या नंबर 4 वरीयता प्राप्त गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और एरिन राउटलिफ़ से होगा, जो पिछले साल के यूएस ओपन चैंपियन थे।

# मैने मुक्केबाजी से अभी संन्यास नहीं लिया है:एम सी मैरी कॉम

**नयी दिल्ली,25 जनवरी 2024।** टोक्यो ओलंपिक के बाद से रिंग पर नहीं उतरी एम सी मैरी कॉम के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी लेकिन छह बार की विश्व चैम्पियन इस मुक्केबाज ने बृहस्पतिवार को खेल से संन्यास की अटकलों को खारिज किया। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता 41 वर्ष की मैरी कॉम अमैच्योर सर्किट पर खेलने के लिये उम्र के मानदंडों पर वैसे भी खरी नहीं उतरती हैं। उन्होंने हालांकि कहा कि अभी तक उन्होंने खेल को अलविदा कहने की औपचारिक घोषणा नहीं की है। मैरी कॉम ने यहां जारी एक बयान में कहा ,'' मैने अभी तक संन्यास की घोषणा नहीं की है और मेरे बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया गया। जब भी मुझे संन्यास का ऐलान करना होगा तो मैं खुद सभी को बताऊंगी।'' दरअसल डिब्रूगढ में बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान मणिपुर की फ्लायवेट (51 किलो) वर्ग की मुक्केबाज मैरी कॉम के हवाले से कहा गया था कि अमैच्योर मुक्केबाजों के लिये 40 वर्ष की सीमा के कारण उन्हें मजबूरन रिटायर होना पड़ रहा है। पूर्व राज्यसभा सांसद ने कहा ,'' मैने कुछ मीडिया रिपोर्ट देखी हैं जिनमें कहा गया कि मैने खेल को अलविदा कह दिया जो सही नहीं है।'' उन्होंने कहा ,'' मैं 24 जनवरी को डिब्रूगढ में एक स्कूल के



कार्यक्रम में भाग ले रही थी जहां मैं बच्चों की हौसलाअफजाई कर रही थी। मैने कहा था कि मेरे भीतर अभी भी खेलों में नयी ऊंचाइयां छूने की भूख है लेकिन ओलंपिक में उम्र की सीमा होने से मैं भाग नहीं ले सकती। मैं हालांकि अपना खेल जारी रख सकती हूं और मेरा फोकस फिटनेस पर है।'' मैरी कॉम ने आगे लिखा ,'' मैं जब भी संन्यास का फैसला लूंगी, सभी को बताऊंगी। कृपया अपनी खबर दुरूस्त कर लें।'' तोक्यो ओलंपिक में प्री क्वार्टर फाइनल में हारने के बाद से वह मुक्केबाजी रिंग से दूर हैं। पेशेवर मुक्केबाजी में उम्र की सीमा नहीं होने के बावजूद उन्होंने इसमें पदार्पण नहीं किया है लिहाजा उनके भविष्य को लेकर लंबे समय से अटकलें लगाई जा रही हैं। वह 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के लिये ट्रायल में भाग लेना चाहती थी लेकिन चयन मुकाबले के दिन लिंगामेंट चोट के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा। बाद में उन्होंने सर्जरी कराई। पिछले साल उन्होंने अभ्यास शुरू किया और उस समय कहा था कि अभी वह तीन साल साल प्रतिस्पर्धी मुक्केबाजी खेल सकती हैं। उनकी गैर मौजूदगी में निकहत जरीन ने 51 किलोवर्ग में लगातार दो विश्व खिताब जीते।इस बीच मैरी कॉम ने भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा दी गई कई प्रशासनिक जिम्मेदारियां संभाली। वह हाल ही में शीर्ष महिला पहलवानों द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लगाये गए यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने वाली आईओए की समिति की अध्यक्ष थी। उन्होंने पेशेवर मुक्केबाजी में कोई रूचि नहीं दिखाई जबकि उसमें उम्र की कोई सीमा नहीं है। छह एशियाई खिताब और छह विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण जीत चुकी मैरी कॉम खेल रत्न पुरस्कार भी रह चुकी हैं। उन्हें 2020 में देश का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण प्रदान किया गया था।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में पहुंचे रोहन बोपन्ना

**नयी दिल्ली,25 जनवरी 2024।** रोहन बोपन्ना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम करने से अब बस एक जीत दूर है जिन्होंने आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ यहां आस्ट्रेलियाई ओपन पुरूष युगल फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने थॉमस माचाक और झांग झिंझेन की जोड़ी को गुरुवार को तनावपूर्ण सेमीफाइनल में 6 . 3, 3 . 6, 7 . 6 (10 . 7) से हराया।



करीब दो घंटे तक चले मैच में सुपर टाइ ब्रेकर्स में उनका अनुभव काम आया। झांग विश्व रैंकिंग में 54वें और माचाक 75वें स्थान पर हैं। दोनों एकल रैंकिंग में शीर्ष 100 में होने के साथ बेहद शानदार खिलाड़ी है और उन्होंने बोपन्ना तथा एबडेन को कड़ी चुनौती दी। एक दिन पहले ही बोपन्ना ने विश्व युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया था। उन्होंने मैच में दमदार सर्विस और स्ट्रोक्स का प्रदर्शन किया। वह 2013 और 2023 में अमेरिकी ओपन फाइनल में पहुंचे हैं लेकिन ग्रैंडस्लैम खिताब नहीं जीत सके। अब 43 वर्ष की उम्र में वह अपना यह सपना पूरा करने से एक जीत दूर हैं। मैच के बाद बोपन्ना ने कहा ,'' सर्किट पर हमने कई सुपर टाइब्रेकर खेले हें। हमारे प्रतिद्वंद्वियों का रिटर्न बेहतरीन था जिससे हमें सर्विस मजबूत रखनी थी। एबडेन के साथ मेरा तालमेल अच्छा रहा है।'' इस उम्र में भी सफलता के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा ,'' पर्दे के पीछे काफी तैयारियां चलती रहती है। मेरे साथ एक बड़ी टीम है। मैने अपना फोकस बनाये रखा और फिटनेस पर पूरा ध्यान दिया। मैं सिर्फ योग करता हूं और मुझे लगता है कि मानसिक मजबूती से मदद मिली।'' एबडेन ने कहा कि घरेलू दर्शकों के सामने जीतना खास है। उन्होंने कहा ,''मैं बहुत खुश हूं। घरेलू दर्शकों के सामने जीतना खास रहा। प्रतिद्वंद्वी काफी खतरनाक थे। युगल विशेषज्ञों का सामना एकल विशेषज्ञों से था और दर्शकों को मजा आया होगा। हम काफी मेहनत कर रहे हैं और अब एक मैच बाकी है।''

CMYK






























































प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# घटती घटना

गणतंत्र दिवस विशेषांक

www.ghatatighatana.com

अम्बिकापुर,26 जनवरी 2024,पेज-4

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

